



# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 35 अंक 243 | कोरबा, सोमवार, दिनांक 03 जून 2024 डाक 04 जून 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल, ओम पाठक और अन्य सहित भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन सदन में ईसीआई के साथ बैठक ली






**देश-विदेश**
आम आदमी पर महंगाई की मार, 2 रुपये महंगा मिलेगा अमूल दूध





**फीचर पेज**
गर्मी के दिनों में हल्का महसूस करने के लिए महिलाएं जरूर ट्राई करें ये साड़ियां

# अंबिकापुर में स्पोर्टस सेंटर व होटल राधे कृष्ण में लगी भीषण आग

## कुछ लोगों के फंसे होने की आशंका

**अंबिकापुर , 03 जून [एजेंसी]।**

शहर के आकाशवाणी चौक के समीप चोपड़ापारा स्थित स्पोर्टस सेंटर व होटल राधे कृष्ण में लगी भीषण आग। भूतल में स्पोर्टस सेंटर व उपर के तल में होटल का होता है संचालन। दमकल की कई वाहनें आग बुझाने में जुटी है। होटल में कुछ लोगों के फंसे होने की आशंका है। पुलिस व प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर मौजूद है। शार्ट सर्किट से आग लगने की संभावना है। खेल सामग्रियों के साथ जूते, कपड़े होने के कारण आग तेजी से फैली है। एक ही बिल्डिंग



में दोनों व्यवसायिक प्रतिष्ठान संचालित है। घना रिहायशी और व्यवसायिक क्षेत्र होने के कारण अफरातफरी का माहौल बना हुआ है। अगल-बगल के घरों व दुकानों में आग लगने की संभावना पर लोगों को सुरक्षित तरीके से बाहर निकाल दिया गया है।

रिंग रोड से लगा क्षेत्र होने तथा लोगों की भारी भीड़ से यातायात बाधित हो रही थी। भीड़ को हटाकर आग पर काबू पाने पूरा प्रयास किया जा रहा है। चार मंजिला बिल्डिंग के सभी तल में आग फैल चुकी है।भूतल पर आग बुझा लिया गया है लेकिन उपर के तल में सामान धू-धू कर जल रहे हैं।

## प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला 4 जून को, तैयारियां पूरी

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर के 15 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला 4 जून को होगा। इसके लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। मंगलवार सुबह 4 बजे से ही फूल मंडी के आसपास ट्रैफिक डायवर्जन लागू हो जाएगा। इसके लिए एडवाइजरी ट्रैफिक विभाग ने जारी कर दी है। इसके साथ ही फूल मंडी की अंदरूनी सड़कों पर आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। 1000 पुलिसकर्मी अलग-अलग शिफ्ट में तैनात होंगे। गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन के मुताबिक, काउंटिंग सेंटर पर किसी को मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस लोकसभा सीट से 15 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनकी किस्मत का फैसला ईवीएम में बंद है।

## पुलवामा के निहामा में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़, दहशतगर्दों की तलाश में छापेमारी



**जम्मू-कश्मीर 03 जून।** पुलवामा जिले के निहामा इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। पुलिस और सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया है। आतंकियों की तलाश की जा रही है। सोमवार सुबह कश्मीर जोन पुलिस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए जानकारी दी है कि जिला पुलवामा के निहामा इलाके में मुठभेड़ शुरू हो गई है। पुलिस और सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया है। इससे पहले, कुपवाड़ा में भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा चलाए गए संयुक्त अभियान में हथियारों, गोला-बारूद और युद्ध जैसे सामानों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया था।

## लारेंस और अमन साहू गैंग के चार शूटर 14 दिन की न्यायिक रिमांड में भेजे गए जेल

### एफआईआर में अमन साहू का नाम भी जोड़ा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के दो कारोबारियों की हत्या करने आए लारेंस बिश्नोई और अमन साहू गैंग के गिरफ्तार चार शूटरों की आठ दिन की रिमांड खत्म होने के बाद रविवार को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपित पप्पू सिंह, रोहित स्वर्णकार, मुकेश कुमार और देवेंद्र सिंह को 14 दिन की न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया। पुलिस रिमांड में आरोपितों से कुछ खास जानकारी नहीं जुटा पाई है। उनके पास से जब्त किए गए मोबाइल फोन और चैटिंग के आधार पर आगे की जानकारी जुटा रही है। पुलिस की टीम फिलहाल मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में पिस्टल सप्लायर की तलाश में जुटी हुई है।

## दिल्ली शराब नीति मामले में के कविता की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ाई

**नईदिल्ली, 03 जून [एजेंसी]।**



दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े ईडी मामले में बीआरएस नेता के. कविता की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही हैं। ताजा मामले में आज सोमवार को उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि खत्म होने पर बीआरएस नेता को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। समाचार एजेंसी के मुताबिक, अदालत से के. कविता को 3 जुलाई तक न्यायिक हिरासत पर भेज दिया गया। आबकारी नीति घोटाला मामले में कविता को ईडी ने 15 मार्च और सीबीआई ने 11 अप्रैल को गिरफ्तार किया था, जब वह ईडी के मामले में न्यायिक हिरासत के तहत तिहाड़ जेल में बंद थीं। अदालत ने 29 मई को मामले में बीआरएस नेता के खिलाफ आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के बाद उनके खिलाफ प्रोडक्शन वारंट जारी किया था। इससे पहले, दिल्ली की एक अदालत ने मामले में उनकी जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा था कि कविता गवाहों को Affected करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही थीं और अगर राहत दी गई तो उनके ऐसा करने की पूरी संभावना है।

## शक्ति प्रदर्शन कर रहे दो विमानों के बीच भीषण टक्कर, एक पायलट की मौत

**लिस्बन, 03 जून [एजेंसी]।**



दक्षिणी पुर्तगाल में एक एयर शो प्रदर्शन के दौरान एक दर्दनाक हादसा हुआ है। इस बीच दो छोटे विमानों के बीच हवा में टकराने से एक पायलट की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया।

एयरफोर्स की तरफ से सामने आए एक बयान के मुताबिक, वायु सेना को यह ऐलान करते हुए दुख हो रहा है कि शाम 4.05 बजे बेजा एयर शो में एक हवाई प्रदर्शन के दौरान दो विमान दुर्घटना का शिकार हो गए, जिसमें छह विमान शामिल थे। मिली जानकारी के मुताबिक, एक स्पेनिश नागरिक की मौत हो गई और एक अन्य पायलट घायल बताया जा रहा है। वायु सेना के कहे मुताबिक, पुर्तगाली राष्ट्रीयता वाला पायलट मामूली रूप से घायल हो गया और बेजा अस्पताल ले जाने से पहले उसका तुरंत इलाज कराया गया। छह विमान स्पैनिश और पुर्तगाली पायलटों से बने एक एरोबेटिक ग्रुप के थे, जिन्हें याक स्टार्स नाम दिया गया था।

# आयुष्मान योजना में गड़बड़ी करने वाले 30 अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई

## दो हास्पिटलों पर निलंबन के साथ लगा जुर्माना




**रायपुर, 03 जून [एजेंसी]।**

स्वास्थ्य विभाग की नोडल एजेंसी ने प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना में अनियमितता बरतने पर प्रदेश के 30 अस्पतालों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। योजना में पंजीकृत दो अस्पतालों पर अर्थदंड और तीन माह के निलंबन की कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही 28 अस्पतालों को नोटिस जारी कर तीन दिनों के भीतर जवाब मांगा है। संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर अस्पतालों को छह माह के लिए योजना से बाहर किया जाएगा। प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को अस्पतालों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश के सभी शासकीय अस्पतालों के अलावा 553 निजी चिकित्सालय योजना के अंतर्गत पंजीकृत हैं। नोडल एजेंसी के अधिकारियों ने बताया कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत इलाज के लिए भर्ती मरीजों से 104 आरोग्य सेवा के माध्यम से फीडबैक लिया जा रहा है। मरीजों से अतिरिक्त राशि लिए जाने, इलाज में कोई शिकायत, अस्पताल में साफ-सफाई के साथ चिकित्सक तथा कर्मचारियों के व्यवहार आदि की जानकारी ली जा रही है। फीडबैक में सामने आया है कि कुछ अस्पतालों ने मरीज को जनरल वार्ड में भर्ती कर आईसीयू के पैकेज रेट के अनुसार राशि ली है। ऐसे अस्पतालों पर जुर्माना तथा निलंबन की कार्रवाई हुई है। कुछ अस्पतालों ने हेल्थ पैकेज कोड के विपरीत क्लेम बुक किया है, जिसे निरस्त किया गया है।

आयुष्मान योजना में गड़बड़ी करने वाले 30 अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, दो हास्पिटलों पर निलंबन के साथ लगा जुर्मानाआयुष्मान योजना में गड़बड़ी करने वाले 30 अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, दो हास्पिटलों पर निलंबन के साथ लगा जुर्माना राजनांदगांव के जय तुलसी मल्टी स्पेशिलिटी अस्पताल को तीन माह के लिए योजना से बाहर कर दिया गया है। शिकायत पर सीएमएचओ ने पाया था कि जनरल वार्ड के मरीज से आइसीयू का चार्ज लिया गया। अतिरिक्त राशि लेने पर दुर्ग के आरोग्यम सुपरस्पेशिलिटी पर 11.41 लाख का अर्थदंड लगाया है। अस्पताल प्रबंधन ने 5,200, 68,000, 40,000 तथा 1,15, 000 अतिरक्त राशि वसूली थी।

### रायपुर के यह 11 अस्पताल .....

अशोका सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल, सीआइएमटी अस्पताल, हेरिटेज अस्पताल, मित्तल इंस्टीट्यूट, सत्यम अस्पताल, दानी केयर, श्रीराम मल्टी स्पेशिलिटी, कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सेंटर, अंकुर अस्पताल, न्यू वंदना अस्पताल, साईं समर्थ अस्पताल।

### बिलासपुर के यह नौ अस्पताल....

स्टार चिल्ड्रन अस्पताल, सराफ ईएनटी अस्पताल, प्रभा अस्पताल एवं ट्रामा केयर, ओंकार अस्पताल, केयर एवं क्योर अस्पताल, आरबी इंस्टीट्यूट, यशोदा अस्पताल, आरबी अस्पताल, किम्स अस्पताल।

### इनसे मांगा जवाब......

जिन 28 अस्पतालों को नोटिस दिया गया है । 9 एकता, शिव अमृता अस्पताल (कोंडागांव) 9 दक्ष अस्पताल (बिलाईगढ़) 9 मां यशोदा अस्पताल (गरियाबंद) 9 जय पताई माता, श्रीराम अस्पताल श्री उत्तम साईं केयर हास्पिटल (महासमुंद) 9 कृष्णा अस्पताल (दुर्ग)

## सुकमा में प्रधान आरक्षक की गला रेतकर हत्या अस्पताल के पीछे मिला शव, नक्सली वारदात की आशंका

**सुकमा, 03 जून [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले से बड़ी खबर आ रही है। यहां एक प्रधान आरक्षक की हत्या कर दी गई है। गादीरास में अस्पताल के पीछे प्रधान आरक्षक का शव मिला है। प्रधान आरक्षक का नाम सोढ़ी लक्ष्मण बताया जा रहा है। हालांकि जवान के हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। वहीं पुलिस इस घटना को नक्सली वारदात से भी जोड़कर देख रही है। जवान के शव को बरामद कर पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। पुलिस ने घटना की पुष्टि।

जानकारी के अनुसार सुकमा के थाना गादीरास के अंतर्गत अज्ञात आरोपित ने प्रधान आरक्षक सोढ़ी लक्ष्मण की धारदार हथियार से हत्या कर दी। गादीरास में अस्पताल के पीछे प्रधान आरक्षक का शव मिला है। घटनास्थल निरीक्षण और शव पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया गया। घटना के कारणों के संबंध में हर पहलु से जांच की जा रही है। घटना में शामिल आरोपित की सरगर्मी से पतासाजी की जा रही है।

## केसीआर के दामाद के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस की मांग, कांग्रेस ने सीबीआई को लिखा पत्र



**हैदराबाद, 03 जून [एजेंसी]।**

तेलंगाना के मंत्री कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने आरोप लगाया कि फोन टैपिंग के आरोपों के बाद पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के दामान हरीश राव अमेरिका भाग गए हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केसीआर सरकार ने व्यापारियों और न्यायाधीशों सहित 1200 से अधिक फोन टैप किए। उन्होंने मामले की जांच कर रही एजेंसी केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से केसीआर के दामाद के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की मांग की है। कांग्रेस सरकार में मंत्री रेड्डी ने कहा कि फोन टैपिंग के पीछे का मास्टरमाइंड पूर्व एसआईजी डीजी प्रभावकर राव है। प्रभाकर राव के निर्देश पर 1200 फोन टैप किए गए, जिनमें व्यवसायियों और यहां तक कि न्यायाधीशों के फोन भी शामिल हैं। यह सबूत है कि विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद पूर्व सीएम केसीआर के दामाद हरीश राव और प्रभाकर अमेरिका भेजा गया। उन्होंने कहा, हमने रेड कॉर्नर नोटिस की मंजूरी के लिए सीबीआई को पत्र लिखा है। फोन टैपिंग का मामला तब सामने आया, जब पूर्व डीसीपी पी राधाकृष्ण राव ने आरोप लगाया कि 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के राजनीतिक प्रतिद्वंदियों पर नजर रखने के लिए कथित तौर पर कई राजनेताओं, व्यापारियों और टॉलीवुड हस्तियों के टेलीफोन उपकरणों की निगरानी की गई थी। आरोप सामने आने के बाद बीजेपी सांसद बंदी संजय ने तेलंगाना के पूर्व सीएम राव को गिरफ्तार करने की मांग की थी। संजय ने एक्स पर कहा कि बीआरएस शासन के तहत की गई फोन टैपिंग आपातकाल से भी बदतर है। यह संवैधानिक और मानवाधिकारों का उल्लंघन है। बीजेपी नेताओं और हमारे अनुयायियों की टैपिंग से केसीआर का बीजेपी से डर अब खुलकर सामने आ गया है। ।

## चुनाव नतीजों के 15 दिन बाद मोदी सरकार में शामिल होंगे उद्धव ठाकरे

***अमरावती, 03 जून [एजेंसी]।***



*अमरावती विधायक रवि राणा ने दावा किया है कि शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे मंगलवार को लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के 15 दिन बाद मोदी सरकार में शामिल होंगे। अमरावती से मौजूदा सांसद रवि राणा की पत्नी नवनीत राणा ने इस बार सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर इस सीट से लोकसभा चुनाव लड़ा था। 2019 में नवनीत राणा ने अमरावती से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर लोकसभा चुनाव जीता था। मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि मोदी जी के दोबारा प्रधानमंत्री बनने के 15 दिन बाद उद्धव ठाकरे मोदी सरकार में और नरेंद्र मोदी के साथ नजर आएंगे, क्योंकि आने वाला दौर मोदी का है और उद्धव ठाकरे यह जानते हैं। युवा स्वाभिमान पार्टी के विधायक ने कहा कि राज्य में विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के नेताओं को बीपी की दवाइयां और डॉक्टर अपने साथ रखने चाहिए, क्योंकि 4 जून को मतगणना के दिन उनमें से कई बीमार पड़ सकते हैं।*







**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

**डॉ.आर.के.अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

**डॉ.शशि अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## दिल्ली से उज्जैन आए श्रद्धालुओं की कार को ट्रक ने मारी टक्कर, 11 लोग हुए घायल



**उज्जैन।** इंदौर रोड पर महामृत्युंजय द्वार के समीप देर रात करीब दो बजे ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। इससे कार में सवार 11 लोग घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार सवार दिल्ली के रहने वाले हैं तथा उज्जैन दर्शन के लिए आए थे। यहां से सभी ओंकारेश्वर दर्शन करने गए थे। देर रात वापस उज्जैन लौटने के दौरान हादसे का शिकार हो गए।नानाखेड़ा पुलिस ने बताया कि आरुष पुत्र धन्नालाल मलवीय उम्र 29 साल निवासी भेरूनाला ईमली बाजार उज्जैन टैक्सी चलाता है।

आरुष दिल्ली से आए श्रद्धालुओं को लेकर ओंकारेश्वर दर्शन करवाने के लिए कार से गया था। देर रात महामृत्युंजय द्वार के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक चालक में कार को टक्कर मार दी। जिससे कार में सवार राजीव पुत्र सुरेन्द्र कुमार गुप्ता उम्र 45 साल निवासी अंसारी रोड दरियागंज दिल्ली उसकी पत्नी सुनिता गुप्ता उम्र 43 साल, पुत्री निष्ठा उम्र 10 वर्ष, अनविक्षा उम्र 8 साल, रुपेश चौधरी उम्र 45 वर्ष, पूनम उम्र 42 वर्ष, खनक चौधरी उम्र 11 वर्ष, हर्ष चौधरी उम्र 11 साल, लवप्रीत मेहरा उम्र 42 वर्ष, मोहित नागर उम्र 19 वर्ष घायल हो गए।

# मतगणना कल,सभी तैयारियां पूरी,प्रत्याशियों की बढ़ी धड़कन





कोरबा । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु कोरबा जिले में मतगणना की तैयारियां पूरी कर ली गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों की उपस्थिति तथा मतगणना हॉल में अभ्यर्थियों/निर्वाचन अभिकर्ताओं की उपस्थिति में पारदर्शी तरीके से मतगणना का कार्य सुनिश्चित किया जाएगा। मतगणना 04 जून 2024 को आईटी कॉलेज झगरहा में प्रातः 08.00 बजे से मतगणना कक्ष में प्रारंभ किया जायेगा जिस हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कार्य के लिए 14 टेबल एवं 10 टेबल पोस्टल बैलेट / ईटीपीबीएस के लिए लगाया गया है। सर्वप्रथम सुबह आठ बजे से पोस्टल बैलेट / ईटीपीबीएस की मतगणना कार्य प्रारंभ किया जायेगा इसके बाद 8.30 बजे ई.व्ही. एम. मशीनों से मतगणना का कार्य किया जायेगा।

मतदान की गोपनीयता बनाये रखने संबंधी लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 128 के प्रावधानों को रिटर्निंग अधिकारी द्वारा पढ़कर सुनाया जायेगा। मतगणना सुबह 08.00 बजे से प्रारंभ होगी। मतगणना हॉल में सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा सर्वप्रथम डाक मतपत्र की गणना प्रारंभ की जाएगी। डाक मतपत्र की गिनती प्रारंभ होने के 30 मिनट उपरांत ईव्हीएम में दर्ज मतो की गिनती प्रारंभ की जाएगी। ततपश्चात् विधानसभावार मतगणना का कार्य किया जायेगा। जिसमें रामपुर का 21 राउंड में कोरबा का 18 राउंड में कटघोरा का 19 राउंड में पाली तानाखार का 22 राउंड में मतगणना का कार्य किया जायेगा।

मतगणना हॉल में मतगणना के दौरान अनुशासन एवं गरिमा बनाई रखी जायेगी। रिटर्निंग ऑफिसर किसी को भी जो रिटर्निंग ऑफिसर के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करता है उसे मतगणना हॉल से बाहर भेज सकता है। मतगणना पर्यवेक्षक ईव्हीएम के कन्ट्रोल यूनिट पर परिणाम वाले बटन को दबाने के समय सभी अभ्यर्थियों / गणना अभिकर्ता को कन्ट्रोल यूनिट का डिस्प्ले पैनल दिखायेगा ताकि वे कन्ट्रोल यूनिट के डिस्प्ले पैनल पर प्रदर्शित प्रत्येक अभ्यर्थी के पक्ष में डाले गये मतों को नोट कर सकें। प्रत्येक गणना अभिकर्ता को प्रारूप 17 सी का भाग-2 मतगणना के प्रत्येक चरण में दिया जायेगा एवं उसकी पावती ली जायेगी। यदि किसी गणना अभिकर्ता की इच्छा परिणाम को ईव्हीएम पर एक या एक से अधिक बार दिखाये जाने की हो तो ऐसा मतगणना पर्यवेक्षक द्वारा गणना अभिकर्ताओं की संतुष्टि के लिए किया जाएगा।

*निर्वाचित अभ्यर्थी को प्रदान किया जाएगा निर्वाचन प्रमाण पत्र* -

रेंडम रूप से चयनित 05 मतदान केन्द्रों की व्हीव्हीपैट कागज की पर्चियों का अनिवार्य सत्यापन ईवीएम में दर्ज मतों की गणना के अंतिम चरण के पूरा होने के बाद होगा। मतदान केन्द्रों का चयन रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा ड्रॉ के माध्यम से प्रेक्षक, अभ्यर्थियों / अभिकर्ताओं की उपस्थिति में किया जाएगा। रिटर्निंग अधिकारी कोरबा लोकसभा अन्तर्गत सभी विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों की मतगणना पश्चात् प्रेक्षक की अनुमति उपरांत परिणामों की विवरणी तैयार करने के बाद परिणाम की घोषणा करेगा एवं निर्वाचित अभ्यर्थी को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान करेगा।

मतगणना दिवस को राउंडवार परिणाम की जानकारी प्रातः 08.00 बजे से ìजजेरू तमेनसजेण्मबपण्हवअण्पद एवं वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। प्रत्येक मतगणना हॉल में अभ्यर्थियों/गणना एजेंटो तथा रिटर्निंग/सहायक रिटर्निंग आफिसर तथा गणना में लगे अधिकारी/कर्मचारियों के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वारा बनाया गया है। सभी अभ्यर्थियों, गणना एजेंटों एवं उनके निर्वाचक एजेंटो को पहचान पत्र रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा जारी किये गये हैं। सभी को अपने परिचय पत्र के साथ मतगणना स्थल आई0टी0 कॉलेज, झगरहा में संबंधित विधानसभा के मतगणना हॉल में प्रातः 06.30 बजे तक अनिवार्य रूप से प्रवेश करने के निर्देश दिए गए हैं।

मीडिया प्रतिनिधियों के लिए मतगणना हॉल के समीप मीडिया सेंटर बनाया गया है। मीडिया सेंटर में मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति रहेगी, लेकिन मतगणना हॉल में मोबाइल फोन ले जाना और मीडिया प्रतिनिधियों का बैठना प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना केन्द्र में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है, जहाँ प्रत्येक स्तर पर पहचान पत्र की जांच उपरांत ही प्रवेश दिया जाएगा। मतगणना केन्द्रों के पहले और बाहरी स्तर पर जिला पुलिस बल की तैनाती होगी, जहाँ से 100 मीटर का क्षेत्र पैदल यात्री क्षेत्र (पेडेस्ट्रीयन जोन) होगा। मतगणना परिसर में प्रवेश के लिए 01 प्रवेश द्वार की विधिवत बैरिकेडिंग की गई है। किसी भी वाहन को पैदल यात्री क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रवेशकर्ताओं की पहचान की जांच करने के लिए 01 वरिष्ठ मजिस्ट्रेट के साथ पर्याप्त स्थानीय पुलिस बल की व्यवस्था होगी। सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किए गए फोटो आईडी कार्ड वाले व्यक्तियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्राधिकार पत्र के आधार पर ही मीडिया की एंट्री आईटी कॉलेज के मुख्य द्वार से होगी एवं पार्किंग व्यवस्था अधिकारियों के पार्किंग व्यवस्था के नजदीक ही होगी। मीडिया प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्राधिकार पत्र प्रवेश स्थल पर दिखाना होगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्राधिकार पत्र के अतिरिक्त अन्य परिचय पत्र मान्य नहीं किये जायेंगे। मतगणना कक्ष में प्रवेश करने वाले राजनीतिक दलों के निर्वाचन एजेण्टों के लिए प्रवेश एवं पार्किंग की व्यवस्था भालूसटका मार्ग की ओर से की गई है।

मतगणना शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देशन में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। मतगणना स्थल में प्रवेश हेतु सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। यहां तीन लेयर में सुरक्षा व्यवस्था होगी। यहां जगह-जगह पर कैमरे भी लगाए गए हैं। प्रवेश की पात्रता अनुसार पार्किंग की व्यवस्था भी अलग-अलग की गई है। मतगणना कक्ष में मोबाइल फोन, घड़ी, पेन, लैपटॉप, आईपैड, हथियार, माचिस, ज्वलनशील पदार्थ सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं को ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

## प्रेक्षक की उपस्थिति में माइक्रो आब्जर्वर, मतगणना पर्यवेक्षक व सहायकों को दिया गया प्रशिक्षण



कोरबा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के ससंदीय क्षेत्र कोरबा लिए मतगणना 04 जून को स्थानीय आईटी कालेज झगरहा परिसर में प्रातः 8 बजे से किया जायेगा। मतगणना के लिए नियुक्त माइक्रोआब्जर्वरों, गणना सुपरवाईजरों तथा मतगणना सहायकों को आज प्रेक्षक श्री प्रेमसिंह मीणा तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत की उपस्थिति में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ एम एम जोशी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि मतगणना के समय सावधानीपूर्वक कंट्रोल यूनिट में प्रदर्शित रिजल्ट प्रत्याशियों अभिकर्ताओं,गणना सहायकों को दिखाये। माइक्रो आब्जर्वरों को निर्देशित किया गया कि वे अभ्यर्थियों को चक्रवार प्राप्त मतों का परिणाम क्रमांकवार प्रारूप 17 सी के भाग दो में सावधानीपूर्वक भरेंगे। गणना सहायकों को निर्देशित किया गया है कि वे परिणाम को सही एवं सावधानीपूर्वक प्रपत्र में भरेंगे। सभी को परिचय पत्र के साथ उपस्थित होने तथा उन्हें अपने निर्धारित टेबल पर ही रहने के निर्देश दिये गये हैं।

प्रेक्षक मीणा और कलेक्टर वसंत ने प्रशिक्षण में माइक्रोआब्जर्वरों, गणना सुपरवाईजरों तथा मतगणना सहायकों को पारदर्शी एवं निष्पक्ष होकर सावधानी से गणना करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महायज्ञ में सबकी भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी को समय पर पहुचने और कार्य में हड़बड़ी या लापरवाही नही करने के निर्देश भी दिये। प्रेक्षक ने डाक मतपत्र एवं ईटीपीपीएस मतपत्रों, बैलेट यूनिट से मतगणना करने की बारीकीयों से लेकर आवश्यक प्रपत्र भरने तथा किसी प्रकार की त्रुटियां सामने आने पर तत्काल रिटर्निंग अधिकारियों, सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को सूचित करने के निर्देश दिये। किसी प्रकार की शंका होने पर मतगणना स्टाफ को अपने स्तर पर किसी भी प्रकार का निर्णय नहीं लेने के निर्देश दिये।कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण में मास्टर्स ट्रेनर्स डॉ जोशी, ने कंट्रोल यूनिट से मतगणना करने की बारीकीयों से लेकर आवश्यक प्रपत्र भरने तथा किसी प्रकार की त्रुटियां सामने आने पर उससे निपटने और रिटर्निंग अधिकारियों, सहायक रिटर्निंग अधिकारियों से मार्गदर्शन के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। मतगणना के लिए लगे सभी पर्यवेक्षक, मतणना सहायक सुबह 6.30 बजे तक मतगणना कक्ष में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक टेबल में तीन कर्मचारी मतगणना सुपरवायजर, मतगणना सहायक, तथा माइक्रो आब्जर्वर होंगे। मतगणना कक्ष में किसी भी अधिकारी-कर्मचारी को मोबाइल एवं पान गुटखा अन्य सामग्री अंदर लाना प्रतिबंधित होगा। सर्वप्रथम टेबल में कंट्रोल यूनिट लाया जायेगा तथा मतपत्र लेखा भाग-दो को अलग से दो प्रतियों में दिया जाएगा। उसके पश्चात कंट्रोल यूनिट में लगे सील की जांच कर उसे खोलेंगे। इसके पश्चात टोटल बटन दबायेंगे। ईवीएम में प्रदर्शित टोटल मतदान को मतपत्र लेखा के भाग-1 से मिलान किया जाएगा। तत्पश्चात रिजल्ट का बटन दबाया जाएगा। ईवीएम में प्रदर्शित परिणाम को टेबल पर उपस्थित अभिकर्ता को दिखाया जाएगा। चौदह टेबल की गणना समाप्त होने की प्रक्रिया को प्रथम चक्र माना जायेगा। कंट्रोल यूनिट में मतों की संख्या और मतपत्र लेखा 17 सी में दर्ज मतों की संख्या का मिलान भी किया जायेगा। संख्या समान नहीं होने पर एआरओ को सूचना दी जायेगी। प्रपत्र में कार्बन लगाकर मतों की संख्या दर्ज की जायेगी। किसी प्रकार की खराबी आने पर तत्काल एआरओ को सूचना दी जायेगी। एआरओ और आरओ के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग के इंजीनियर खराबी को दूर करेंगे। मास्टर टेञ्नर्स डॉ.जोशी तथा संबंधित अधिकारियों द्वारा टेबुलेशन एवं इनकोर इंट्री तथा ईटीपीबीएस/पोस्टल बैलेट तथा गणना एआरओ को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मतगणना कक्ष में प्रत्येक राउंड के दौरान रेण्डम आधार पर दो कंट्रोल यूनिट की जांच भी की जायेगी।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम से मतगणना समाप्त होने के पश्चात एक ही टेबल पर एक के बाद एक क्रम में प्रत्येक विधानसभा की पांच-पांच वीवीपैट मशीन के पर्चियों की मतगणना रेण्डम आधार पर की जायेगी। इसके लिए वीवी पैट काउंटिंग बूथ (व्हीसीबी) बनाया जायेगा। एक टेबल में जोकि तीन तरफ से जाली से घिरी होगी में वीवी पैट मशीन रखकर प्राप्त मत पर्चियों की गणना की जायेगी। प्रशिक्षण में बताया गया कि वीवी पैट से सावधानीपूर्वक पर्चियों को निकालकर गिनती करना है।

### दीगर क्षेत्र से आए कर्मियों की बढ़ी दिक्कत

कोरबा। एसईसीएल की कुसमुंडा परियोजना में दीगर क्षेत्र से ट्रांसफर होकर कार्य करने आये कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं का निराकरण के लिए वार्ता हेतु महाप्रबंधक से आग्रह किया है। इस संबंध में पत्र लिखते हुए प्रदर्शन भी किया गया। एसईसीएल के सोहागपुर, जमुना-कोतमा, बिजुरी-चिरमिरी, रायगढ़ क्षेत्र से तबादला होकर कई कर्मचारी तथा भू-विस्थापित, आश्रित नियोजन के माध्यम से पदस्थ किए गए कुसमुंडा क्षेत्र के इन कर्मियों ने क्षेत्रीय महाप्रबंधक के समक्ष अपनी समस्या रखी है। ये लोग नियमित व विभागीय कर्मचारी हैं परंतु आवास, आश्रित बच्चों के स्कूली एडमिशन जैसे दैनिक एवं महत्वपूर्ण समस्याओं से जूझ रहे हैं। इसके समाधान हेतु द्वि-पक्षीय वार्ता कराना चाहते हैं, जिसके लिए समय देने का आग्रह किया गया है।

### इशिता को पुरस्कार

कोरबा। जिले की जानीमानी बाल कलाकार इशिता कश्यप ने हमेशा की तरह इस बार भी प्रथम पुरस्कार अपने नाम कर एकबार फिर ये साबित कर दिया की कला उम्र की मोहताज नहीं होती, विगत दिनों 21 मई से 24 मई तक भारतीय संस्कृति संघ पुणे (ऑफिशियल पार्टनर ऑफ़ यूनेस्को फ्रांस पेरिस) द्वारा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता आयोजित की गई थी जिसमें पूरे भारत वर्ष से 45 00 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें इशिता कश्यप ने जूनियर वर्ग कथक नृत्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर पुरे छत्तीसगढ़ को गौरांवित किया ।

## प्रेक्षक एवं कलेक्टर ने मतगणना की तैयारियों का लिया जायजा




कोरबा । बजे से की जाएगी। मतगणना के एक दिन पूर्व प्रेक्षक श्री प्रेमसिंह मीणा, कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने चारों विधानसभा के मतगणना कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने मीडिया कक्ष, टेबुलेशन कक्ष यहां लगाये गये सीसी टीवी, वीडियो का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रेक्षक श्री मीणा द्वारा मतगणना कक्ष में मतगणना टेबल, बैठक व्यवस्था, बेरिकेटिंग, गणना अभिकर्ता की बैठक व्यवस्था, पार्किंग, मोबाइल एवं गेजेट्स चेकिंग, मतगणना कक्ष में मूवमेंट की सीसीटीवी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, मीडिया सेंटर में आवश्यक सुविधाएं, गणना के लिए मतगणना सामग्री, डाक मत पत्रों, ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना, व्हीव्हीपैट स्लिप काउंटिंग के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी, जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा, निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगई, अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग, एडीशनल एसपी नेहा वर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी सहित पीडब्ल्यूडी के ईई जी.आर.जांगड़े, एसडीएम कोरबा श्रीकांत वर्मा, कटघोरा सरोज महिलांगे, संयुक्त कलेक्टर मनोज कुमार, डिप्टी कलेक्टर तुलाराम भारद्वाज तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा पात्रे उपस्थित थी।



## संस्कार भारती की जिला ईकाई का पुर्नगठन,दीवान बनें अध्यक्ष

### जयसवाल को प्रवक्ता की जिम्मेदारी

कोरबा संस्कार भारती जिला कोरबा सत्र 2024 - 25 विक्रम संवत 2081 में आयोजित होने वाले विविध उत्सव आदि थे क्रियान्वयन हेतु राष्ट्रीय उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु जिला कोरबा की कार्यकारिणी का गठन प्रांतीय पदाधिकारी की अनुशंसा से किया गया है जो इस प्रकार है अध्यक्ष - कामेश्वर धर दीवान, महामंत्री - शिव दुबे ,सह महामंत्री - अखिलेश श्रीवास्तव , कोश प्रमुख - आशीष वर्मा ,सह प्रमुख - मुरली सोनी , प्रवक्ता एवम मीडिया प्रभारी - शिवशंकर जायसवाल, उपाध्यक्ष - पारस नाथ योगी ,कामता प्रसाद देवांगन ,रामधन राठौर, शैलेंद्र शुक्ला, राकेश मिश्रा, मंत्री - यशवंत देवांगन ,अरुण दास वैष्णव ,अभिषेक सोनी ,सीमा देवांगन ,नंदकुमार त्रिपाठी ,साहित्य विधा - देव द्रत्त कुर्रे ,मंच विधा प्रमुख - जितेंद्र शर्मा ,दृश्य कला प्रमुख- चित्रा देवांगन , लोक कला प्रमुख - अशोक राठौर, कला धरोहर - हरि सिंह है।संस्कार भारती एक अखिल भारतीय सांस्कृतिक संगठन है जो कला जगत के क्षेत्र में कार्य करती है। समाज के विभिन्न वर्गों में कला माध्यम के द्वारा राष्ट्रभक्ति एवं योग्य संस्कार जगाने ,विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण व नवोदित कलाओं को प्रोत्साहन देकर इनके माध्यम से सांस्कृतिक प्रदूषण रोकने के उद्देश्य से संस्कार भारती कार्य कर रही है। -संगीत ,नाटक ,चित्रकला,काव्य ,और नृत्य पुरातत्व स्थापत्य कला जैसी विधाएँ देशभर में स्थापित नवोदित कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। हम कोरबा जिले के प्रत्येक कलाकारों तक पहुंचने और उनकी कला विधा को समाज तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। शिवशंकर जायसवाल प्रवक्ताने कहा की भारत देश में पहला संस्थान लखनऊ में स्थापित किया गया। धीरे धीरे पूरे भारत देश में 1500 से अधिक शाखाएं है। राष्ट्रभक्ति एवं कला जगत क्षेत्र के रूप में कार्य करती है।

### बीटगार्ड के घर चोरी करने वाला पकड़ाया

कोरबा। वन मंडल कोरबा के पसरखेत रेंज में पदस्थ बीटगार्ड के घर से हुए चोरी में उनके दोस्त को गिरफ्तार किया गया है। घटना की रात वनकर्मी की तबियत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराने के बाद उसके दोस्त ने ही घर का ताला तोड़कर घर से साढ़े सात लाख रूपये की चोरी कर ली थी। सायबर सेल और सिविल लाइन पुलिस की संयुक्त टीम ने जांच में खुलासा होने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।चोरी की ये वारदात सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है। बताया जा रहा है कि कोसाबाड़ी स्थित वन विभाग की कालोनी में वनकर्मी कमलेश कुमार निवास करता है। उसने सिविल लाइन थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि 28 मई की देर रात घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने 10 लाख रुपए की चोरी कर ली है। वनकर्मी कमलेश की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गयी। एसपी सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर साइबर सेल और सिविल लाइन पुलिस को संयुक्त रूप से इस केस की गुत्थी को सुलझाने की जिम्मेदारी सौंपी गयी थी।पुलिस ने इस लाखों की चोरी की गुत्थी को सुलझाने के लिए आसपास का सीसीटीवी फुटेज खंगाला शुरू किया गया। पुलिस की जांच में पता चला कि घटना की रात वनकर्मी कमलेश की तबियत बिगड़ने पर उसका साथी देवाशीष राय उसे घर से अस्पताल लेकर गया था।

## स्टेमसेल पद्धति से डायबिटीज, हार्ट अटैक, किडनी जैसे 200 गंभीर बीमारियो का इलाज संभव:विकास कोहली




कोरबा। आज के समय मे हम न चाहते हुये भी भयंकर बिमारियो से बीमार हो रहे हैं, और इस प्रकार बिमारियो से बचने का हमारे पास आज कोई विकल्प नही है। लोग अपने लाखो रुपये लगाने के बाद भी इन भयंकर बिमारियो से अपने जीवन को नहीं बचा पा रहे है। आज हम आपसे आधुनिक विज्ञान यानि प्लांट स्टेमसेल पद्धति से हल किया जा सकता है यह बात नई दिल्ली से आए हुए डॉक्टर विकास कोहली ने कही, उन्होने यह भी कहा कि हमारा शरीर मूलभूत कोशिकाओं से बना है और हमारे शरीर की जड़ यही कोशिकाएं ही होती है, इन कोशिकाओं से ऊतक बनते हैं, इन ऊतक से शरीर के अंग बनते है, जितनी स्वस्थ हमारी कोशिका होगी उतना ही स्वस्थ हमारे शरीर के अंग होंगे। आज प्लांट स्टेमसेलका उपयोग करके हम मानव शरीर को कई भयंकर बीमारियो से बचा सकते हैं। इन बीमारियों का इलाज संभव हो सकता है। डायबिटीज, हार्ट अटैक, वीपी, किडनी जैसे बीमारियो से मात्र तीन माह से काफी हद तक फायदा मिल जायेगा। आज के इस क्ष्न्द्धद्यह्ठ ष्टश्ठ्ठद्घद्गह्द्गठ्ठष्द्ग मे मौजूद डा. विकास कोहली (डायटिशियन व डाक्टर इन अल्टरनेटिव मेडिसीन) जो विशेषकर नई दिल्ली से और देश के जाने माने हेल्थ मोटिवेशनल कोच मो. इमरान खान जिन्होंने इस प्रोग्राम को कोरबा में कराया। इस प्रेस वार्ता में मो. रहिस (हेल्थ कोच), मंदिरा कुजुर, रेवती मैत्री, निरंजन यादव, प्रेम लाल साहू, सत्यदेव रजवाड़े आदि लोग मौजूद रहे।

### मतगणना अभिकर्ताओं की बैठक आज शाम

कोरबा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल एवं श्रीमती सपना चौहान ने प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि दिनांक- 3 जून 2024, दिन- सोमवार को संध्या 4.00 बजे टी.पी. नगर स्थित पाटीदार भवन में कोरबा जिले के चारों विधानसभा के कांग्रेस पदाधिकारियों एवं मतगणना अभिकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई है।

बैठक में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, सांसद प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना महंत, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, विधायक फुलसिंह राठिया, पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर, मोहित केरकेट्टा, विधायक प्रत्याशी दुलेश्वरी सिदार, पार्षदगण, सभी ब्लाक अध्यक्ष, पूर्व एल्डरमेन आदि विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। श्री जायसवाल ने समस्त मतगणना अभिकर्ता सहित समस्त कांग्रेस पदाधिकारियों को समय पर उपस्थित होने की आग्रह किया है।



## गेवरा बस्ती में खुला नि:शुल्क स्टील बैंक

कोरबा। शनिवार को गेवरा बस्ती में सुनीता मिरी निशुल्क स्टील बैंक का शुभारंभ कटघोरा श्री विधायक प्रेमचंद पटेल और वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन की उपस्थिति में हुआ।

इस अवसर पर पार्षद श्री देवांगन ने कहा की सरकारी स्तर पर लंबे समय से 'सिंगल यूज प्लास्टिक' और थर्मोकोल के उपयोग पर रोक लगाने की बात कही जाती है, लेकिन अब तक पूर्ण रूप से प्रतिबंध नहीं लग सका है। इस कारण इनका प्रयोग धड़ल्ले से हो रहा है। दूसरी बात यह भी है कि लोगों के पास प्लास्टिक का कोई सरल और सस्ता विकल्प भी नहीं है। इस समस्या को देखते आज एक अनूठी पहल की शुरुवात हुई है। इस 'बर्तन बैंक' की विशेषता यह है कि किसी भी शादी—विवाह या अन्य कार्यक्रमों के लिए नगर परिषद की ओर से सिर्फ एक रुपए पर स्टील के चार बर्तन दिए जाएंगे। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह बड़ी पहल है।

श्री देवांगन ने कहा की पहले ही प्लास्टिक और थर्मोकोल मुक्त बनाया जा चुका है। इसके बाद भी मुख्य समस्या यह थी कि शादी या अन्य समारोहों में लोग पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले बर्तनों का उपयोग करते हैं। यह एक गंभीर समस्या है।इस अवसर पर देवी कौशिक, दुर्योधन नागपुरे, राजेश पटेल, संतोष राठौर, सालिकराम दूबे, मन्नू राठौर, रामकुमार राठौर, नरेन्द्र गोस्वामी,जनक राम पटेल, योगेश दास, महाजन सेठ, समेत समिति की सुनीता मिरी, सुमन पावर, साधन बाई, लक्ष्मीन पटेल, बबिता सोनवानी, रामेश्वरी लता साहू, संगीता दुबे भी उपस्थित रही।

# हरियाली गायब हुई डिवाईडर के बीच से

**जांजगीर - चांपा।** नगर पालिका जांजगीर नैला ने शहर को हराभरा बनाने के लिए लाखों रूपये खर्च कर सड़क किनारे और डिवाइडर पर बड़ी संख्या में पौधे लगाए हैं। लेकिन, इनकी देखरेख में लापरवाही बरती जा रही है। भीषण गर्मी के बाद भी पेड़ पौधों को जिंदा और हराभरा रखने के लिए पानी नहीं डाला जा रहा है। इसके चलते कचहरी चौक से लेकर बीटीआई चौक और कलेक्टोरेट मोड़ से जिला पंचायत मोड़ तक डिवाइडर में लगाए गए पेड़ पौधे सूखते जा रहे हैं। जो पेड़ पौधे लगाए गए हैं उसे बचाने की तरफ तो ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बल्कि बरसात में पौधरोपण जोर दिया जा रहा है।

शहर के मुख्य सड़क विवेकानंद मार्ग, कलेक्टोरेट रोड के डिवाइडर में लगे पौधे सूख चुके हैं या फिर सूखकर खत्म होने के कगार पर आ चुके हैं। वजह नगर पालिका इन्हें लगाकर इनकी देखरेख करना ही भूल गया है। लंबे समय से इन्हें पानी ही नहीं दिया गया है। ऐसे में पौधे सूखते ही जा रहे हैं। सबसे ज्यादा खराब हालत तो शहर के कचहरी चौक से बीटीआई चौक तक लगाए गए पौधों का है। दो साल पहले पौधों को पानी देने के लिए डिवाइडर के अंदर पाइप लाइन बिछाया गया था। जिससे दो साल तक एक भी पेड़ नहीं सूखे थे मगर इस बार सूध नहीं ली जा रही है जिसके चलते पौधे सूख रहे हैं।

इसी तरह कलेक्टोरेट रोड में लगाए गए पौधों का भी यही हाल है। जहां के 60 फीसदी से ज्यादा पौधे सूख कर खत्म हो चुके हैं। वहीं शेष पौधे पर ध्यान नहीं दिया गया तो ये भी जल्द ही सूख कर खत्म हो जाएंगे। मुख्य मार्ग होने के कारण यहां रोजाना कलेक्टर, एसपी सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों का लगातार आना जाना लगा रहता, बावजूद इसके अब तक जिम्मेदार अधिकारियों की नजर इन सुख रहे पेड़ पौधों पर नहीं पड़ती है। सुंदरीकरण के नाम पर लाखों रूपये खर्च कर लगाए गए पौधे विभागीय लापरवाही के चलते सूखने लगे हैं।

**टैंकर से डाला जा सकता है पानी**

दो साल पहले तक पेड़ पौधों को पानी देने के लिए डिवाइडर में पाइप लाइन नहीं बिछाया गया था तो टैंकर के माध्यम से ही पानी डाला जाता था। मगर इस बार पाइप लाइन में खराबी का बहाना बनाकर नगर पालिका के जिम्मेदारों ने पेड़ पौधों को गर्मी में पानी ही नहीं दिया जिसके चलते पेड़ पौधे मुरझाने लगे हैं। कई पेड़ तो पूरी तरह सूख भी गए हैं। जब तक पाइप लाइन की खराबी की मरम्मत नहीं हो जाती है तब तक टैंकर के माध्यम से पानी डाला जा सकता है।

**ग्रीन जोन में पेड़ो की अवैध कटाई, प्रशासन मौन**



कुछ साल पहले कलेक्ट्रेट चौक से कलेक्टर आफिस जाने वाली मुख्य मार्ग जो ग्रीन जोन घोषित कर सड़क किनारे अर्जुन, नीम, गुलमोहर जैसे पेड़ लगाये थे, वहीं प्रशासन द्वारा पेड़ो की सुरक्षा के लिए लाखों रूपये खर्च कर बकायदा फेंसींग तार भी लगाया गया था, मगर अब विभागीय उदासीनता के चलते जमीन दलालो द्वारा बेखौफ़ ग्रीन जोन में लगे पेड़ो को काटकर रोड़ बनाया जा रहा। भूमाफियाओ द्वारा फिर से शासकीय जमीन पर लगे लगभग दो दर्जन से अधिक पेड़ों को काटकर रास्ता बनाने की तैयारी में है। लेकिन इसके बावजूद प्रशासन मौन है।

कचहरी चौक से बीटीआई चौक तक डिवाइडर में लगाए गए पाइप में कुछ खराबी आ गई है जिसके चलते पेड़ पौधों को पानी नहीं दिया जा रहा है। शीघ्र मरम्मत कराकर पेड़ पौधोंको पानी दिया जाएगा। इसी तरह कलेक्टोरेट मार्ग के डिवाइडर में लगे पेड़ पौधों में भी टैंकर के माध्यम से पानी डलवाया जाएगा।

प्रहलाद पांडेय
सीएमओ
नगर पालिका जांजगीर नैला

## मतगणना कर्मियों का किया गया द्वितीय रेंडमाइजेशन

**सक्ती ।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए विधानसभा सक्ती, चंद्रपुर और जैजैपुर के मतगणना के लिए नियुक्त गणना प्रेक्षक डायलन टाम तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार सोम की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट परिसर के सभाकक्ष में मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक और माइक्रो आब्जर्वर का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। इस दौरान कम्प्यूटरीकृत प्रणाली से मतगणना दल में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों का विधानसभा क्षेत्र आबंटन की कार्यवाही की गई।

निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार मतगणना कार्य के लिए 60 मतगणना पर्यवेक्षक, 60 मतगणना सहायक और 60 माइक्रो आब्जर्वर की ड्यूटी लगाई गई है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकडा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार सोम, सहायक रिटर्निंग आफिसर सक्ती के एस पैकरा, सहायक रिटर्निंग आफिसर चंद्रपुर बालेश्वर राम, सहायक रिटर्निंग आफिसर जैजैपुर रूपेंद्र पटेल, शशांक शिंदे, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी ऋषि राय, निर्वाचन पर्यवेक्षक राधेश्याम साहू, निर्वाचन कार्यालय के श्रवण गभेल सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## तापमान के कहर से मजदूरों को बचाने पुलिस ने पेश किया खास उदाहरण



**सक्ती।** भीषण गर्मी से मजदूरों, ड्राइवर और सडक में ठेला खोमचो में सामान बेचने वाले छोटे व्यापारियों को बचाने के लिए मानवीय पहल करते हुए सक्ती पुलिस के द्वारा ग्लूकोस, विटामिन सी, गमछा, ओआरएस, चश्मा, पानी वितरण किया जा रहा है।बढ़ती गर्मी में जहां लगातार तापमान बढ़ रहा है ऐसी स्थिति में हिट स्ट्रोक से कई लोगों की जान जा रही इसमें सबसे ज़्यदा प्रभावित ड्राइवर, कुली, मजदूर, फल बेचने वाले, रोड मे छोटे व्यवसाय करने वाले एवं पुलिस के कर्मचारी हैं जो इस तापमान में भी लगातार ड्यूटी कर रहे हैं । ऐसी स्थिति को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज संजीव शुक्ला की पहल से पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा सभी थाना चौकी प्रभारियों को मानवीय पहल करते हुए अपने थाना स्टाफ, कुली, मजदूरों, रोड किनारे छोटे व्यवसाय करने वाले जो इस गर्मी के सीधे प्रभाव में आ रहे हैं उन्हे गर्मी से बचने के लिए आवश्यक समझाइश देते हुए ग्लूकोस, विटामिन सी, गमछा, ओआरएस, चश्मा, पानी वितरण थाना स्टॉफ एवं आम लोगो में करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही ट्रांसपोटरों को ड्राइवर खलासी आदि के लिए ओआरएस, ग्लूकोस प्रदाय करने राइस मिलरो, क्रशर संचालको , प्लांट संचालित करने वालो को मजदूरों और ड्राइवरों के लिए सामग्री एवं उचित व्यवस्था बनाये रखने कहा गया है ।

## पराली जलाने से बचें, उर्वरा क्षमता पर होगा असर



**मालखरौदा।** मालखरौदा धान की फसल कटने के बाद खेतों में पराली को जलाया जा रहा है। इससे जहां खेतों की उत्पादकता असर पड़ रहा है, वहीं वायु भी जहरीली हो रही है। इसके नुकसानों को देखते हुए एनजीटी ने भी ऐसा करना दंडनीय बताते हुए ऐसा करने वालों पर जुर्माना लगाने की बात कही है। इसके बावजूद किसान उनकी बातों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

कृषि विभाग के अनुसार विभिन्न गांवों के किसानों ने बड़ी मात्रा में धान का फसल लगाई जो अब कटने के बाद किसान खेतों में पड़े पराली को जला रहे हैं जिसको जलाने से किस प्रकार से मानव एवं वातावरण के साथ जीव जंतु को कितना नुकसान होता है, उसके बारे में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मालखरौदा के वतन जाधव ने बताया कि पराली जलाने से वातावरण में जहरीली गैस जैसे मीथेन कार्बन मोनोऑक्साइड नाइट्रिक ऑक्साइड फैलने से प्रदूषण फैलता है, जो मानव के साथ पशु पक्षी के लिए भी हानिकारक होता है, वही खेत में सूक्ष्मजीव नष्ट हो जाते है और उन्हीं की रासायनिक क्रिया पौधों को उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही मिट्टी को उपजाऊ बनाने वाले केचुआ, मकड़ी, बैक्टीरिया, फफूंद को इससे नुकसान पहुंचता है। साथ ही पराली जलाने के लिए पशुओं को चारा नहीं मिल पाता।

## लच्छनपुर में महिला का शव मिला, जांच कर रही पुलिस




**जांजगीर - चांपा।** ग्राम लछनपुर के एक घर में महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस पहुंची और शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया। पीएम रिपोर्ट मिलने पर पुलिस मौत के कारणों का पता चलने की बात कह रही है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार खुशी सोनी (34) पति रवि सोनी निवासी केरा झरिया लछनपुर अपने घर में मृत हालत में पड़ी थी । लछनपुर निवासी गजेंद्र कुमार जगत ने थाने में इसकी सूचना दी । सूचना पर कोतवाली थाना प्रभारी प्रवीण द्विवेदी स्टाफ के साथ लछनपुर पहुंचे। शव के आसपास खून के धब्बे पड़े हुए थे और महिला का शरीर काला पड़ चुका था। अनुमान लगाया जा रहा है कि महिला की मौत तीन चार दिन पहले हुई है। बताया जा रहा है कि महिला घर में अकेली रहती थी। पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी प्रवीण द्विवेदी का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने पर मौत के कारणों का पता चलेगा । फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर

### सर्पदंश से महिला मृत

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम कुथुर में घर के बाड़ी की साफ-सफाई करते समय जहीरीले सांप ने महिला को काट लिया। परिजनों ने महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र की है।



जानकारी के अनुसार, महिला विमला बाई यादव (45) रोजाना की तरह घर में सुबह 6 बजे उठकर घर में साफ सफाई की काम कर रही थी। बेटा रामप्रसाद यादव ने बताया कि साफ-सफाई के दौरान एक जहरीले सांप ने पैर को काट लिया। इसके बाद तुरंत महिला विमला बाई को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जा रहे थे। महिला रास्ते में बात कर रही थी। लेकिन जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। महिला विमला बाई की मौत की सूचना अस्पताल चौकी प्रभारी को दी गई। शव का पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमॉर्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

## शिक्षा के प्रति बच्चों में अभिरूचि बढ़ाने शिक्षकों को नई जिम्मेदारी

**जांजगीर।** नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद स्कूल में पढ़ाने का अंदाज को बदलने की तैयारी शुरू हो गई है। प्राइमरी स्कूल में हमेशा की तरह बच्चे चल रे मटके टम्मक टू कविता की बजाय आज हम भालू को गिनती सिखाएंगे कविता पर डांस बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया जाएगा।

ग्रामीण क्षेत्र में संचालित प्राइमरी स्कूलों में शहर में संचालित प्ले स्कूल की तर्ज पर सुविधाएं दी जाएगी। नए सत्र में बच्चों में पढ़ाई के प्रति दिलचस्पी और रुझान बढ़ाने व बच्चों का ज्ञान बढ़ाने के लिए शिक्षक क्लास रूम में डांसिंग मोड में पढ़ाई करवाएंगे। शिक्षक बच्चें के सामने नाच-नाच कर गिनती जोड़-घटवा, सामान्य ज्ञान सिखाने का प्रयास करेंगे। स्कूल खुलने से पहले शिक्षकों को इसके लिए ट्रेनिंग भी दी है। हाल ही जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में 4 दिवसीय एफएलएन



(फॉउंडेशनल लिटरेचर एंड न्यूमरसि) के तहत प्राथमिक स्तर के शिक्षकों को एक बच्चे के बुनियादी पाठ पढ़ने और आधारभूत गणित के सवालों (जैसे- जोड़ और घटाव) को हल करने की क्षमता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में करीब 90 शिक्षक शामिल हुए है।इसमें अब नए रूप मे कविता को पढ़ाने का हुनर शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर ने सिखाया। साथ ही नए सत्र में इसे स्कूलों में लागू करने के लिए कहा। ट्रेनिंग के दौरान प्राइमरी के शिक्षकों को पुराने समय में जहां चल ले मटके टम्मक टू कविता को छोटे-छोटे बच्चे मटक मटक कर पढ़ते थे, उसमें अब बदलाव कर दिया जाएगा। वही अब नए जमाने के नए गीतों से स्कूलों में पढ़ाई करवाने की तैयारी की जा रही है।

नए तरीके से देंगे शिक्षा ट्रनई शिक्षा नीति के तहत एजुकेशन सिस्टम में बदलाव किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बच्चों की सीखने की क्षमता बढ़ाने के लिए शिक्षकों को ट्रेनिंग दी है। अब शिक्षक क्लास रूम में बच्चों को नाच गाकर व कविता के माध्यम से पढ़ाई करवाएंगे। इसके साथ ही स्कूल व शिक्षा के प्रति बच्चों का रुझान बढ़ाने के लिए अलग-अलग एक्टिविटी के बारे में शिक्षकों को बताया गया है। शिक्षकों को ई-जादुई पिटारा मोबाइल एप भी डाउनलोड करवाया गया है। -भुवनेश्वर जायसवाल, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जांजगीर-चांपा



* **रायगढ़।** नवतपा में बदले मौसम का मिजाज ने शहर के लिए आफत और कहर बनकर बरसा है। जिसमें आंधी तूफान से नर्सिंग कालेज का क्रांकिट स्लैब बालक के उपर गिरने से उसकी मौत होने का मामला सामने आया है जबकि ढाई साल का एक बच्चा बुरी तरह से चोटिल होने से मेट्रो में भर्ती है।

यह हृदय विदारक दुर्घटना चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के ग्राम चिटकाकनी की है।

## हसदेव के बीच से रेत की चोरी करने वाली गैंग सक्रिय, नियंत्रण नहीं

**चांपा।** नगर में नदी से रेत निकलने का कार्य लगातार जारी है, जिस पर विभाग रोक लगाने में नाकाम साबित हो रहा है। अब तो नदी के बीच में घुसकर माफिया रेत का अवैध खनन करने लगा है। अब तक वे केवल नदी के किनारे से ही रेत निकालते थे। अब उनकी नजर डोंगाघाट पर है। जहां ट्रैक्टर वाले रेत निकालना शुरू कर दिया है, जबकि यहां बारहों माह पानी भरा रहता था, लेकिन कुछ कारणों से सूखा है। इस कारण ट्रैक्टर वालों को आसानी से यहां रेत मिल जा रही है और ट्रैक्टर वाले रेत को निकाल कर ले जा रहे है। प्रशासन ने एसडीएम, तहसीलदार और थाना प्रभारियों की टीम गठित की है पर वे अवैध रेत को पकड़ने के लिए अवैध रेत को रोकने में नाकाम साबित हो रहे हैं।

## बाथरूम में मिली मैनेजर की तीन दिन पुरानी लाश, कमरे से आ रही थी भारी बदबू

**बिलासपुर ।** सिविल लाइन क्षेत्र के पारिजात किंगडम में रहने वाले निजी कंपनी के मैनेजर की तीन दिन पुरानी लाश मिली है। सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट से मैनेजर के मौत का कारण स्पष्ट होगा।

सिविल लाइन क्षेत्र के पारिजात किंगडम में रहने वाले उदय भास्कर (59) निजी कंपनी में मैनेजर थे। दो दिन से वे ड्यूटी पर नहीं जा रहे थे। रविवार को उनके कमरे से बदबू आ रही थी। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इस पर पुलिस ने आसपास के लोगों की मौजूदगी में उदय के कमरे का दरवाजा खोला। उनकी लाश बाथरूम में थी।

लाश करीब तीन दिन पुरानी थी। लाश पुरानी होने कारण फुल चुकी थी और भारी बदबू आ रही थी। जांच के बाद पारिजात किंगडम में रहने वाले उदय भास्कर की लाश को पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

## एक पखवाड़े बाद सक्रिय उपस्थिति होगी मानसून की, विकराल हो सकते हैं हालात

**चांपा।** मानसून इस बार अपने समय से दो दिन पहले केरल में दस्तक दे दी है। भीषण गर्मी से परेशान लोगों को लंबे समय के इंतजार के बाद अब लोगों की इंतजार की घड़ी समाप्त हो गई। अबमानसून केरल में दस्तक दे दी है। लेकिन अभी जिला सहित छत्तीसगढ़ में राहत की उमीद नहीं है। क्योंकि मानसून को छत्तीसगढ़ पहुंचने अभी पखवाड़े भर से ज्यादा समय लगेगा।

अभी दो दिन गर्मी से राहत मिलने की उमीद नहीं है। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार 2 जून को जिले में बारिश होने की संभावना है। इसके बाद प्री मानसून गतिविधियां मानसून का इंतजार कर रहे लोगों के लिए खुशखबर है कि मानसून अब केरल में दस्तक दे दी है। गुरुवार 30 मई को केरल में बारिश के साथ दस्तक दी है। इसकी विधिवत घोषणा मौसम विभाग रायपुर ने कर दी है। इस बार मानसून केरल में दो दिन पहले ही दस्तक दी है।

केरल में मानसून पहुंचने का 1 जून समय है। इससे स्पष्ट है कि जिले में इस बार मानसून अपने समय से पहले ही दस्तक देगी। इसका लोगों व किसान वर्ग को फायदा मिलेगा। अभी फिलहाल जिलेवासियों को गर्मी भरी उमस से राहत मिलने की उमीद नहीं है।

मानसून अमूमन 1 जून को केरल पहुंचने का रहता है।

मौसम विभाग के मुताबिक आमतौर पर मानसून केरल में 1 जून तक आता है। इस बार 30 मई को दस्तक दी। ऐसे में छत्तीसगढ़ में भी मानसून पहले पहुंचने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार यह 18 के आसपास दस्तक देगी। मानसून छत्तीसगढ़ में बस्तर के रास्ते जांजगीर-चांपा में सक्रिय होगा। अब जल्द ही प्री मानसून बारिश शुरू हो जाएगी।

2014 - 3 जून
2015 - 4 जून
2016 - 6 जून
2017 - 30 मई
2018 - 29 मई
2019 - 8 जून
2020 - 31 मई



2021 - 30 मई
2022 - 29 मई
2023 - 8 जून
2024 - 30 मई

केरल में 30 मई को बारिश के साथ मानसून दस्तक दे दी है। इसका विधिवत घोषणा भी कर चुके है। अब यह छत्तीसगढ़ सहित जिले में 18 जून के आसपास सक्रिय होगी। अभी फिलहाल दो से तीन दिन तेज गर्मी पड़ेगी। इसके बाद प्री मानसून शुरू हो जाएगी। कुछ राहत की उमीद है।

## बिलासपुर में एकादशी पर खाटूश्याम बाबा का 101 किलो आम से भव्य शृंगार

**बिलासपुर।** ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को अपरा एकादशी कहा जाता है। इस साल रविवार को भक्तिभाव से मनाया गया। मसानगंज स्थित श्री खाटू श्याम पंचमुखी हनुमान मंदिर में 101 किलो आम सहित अन्य फलों से शृंगार किया गया।

बाबा के भव्य श्रृंगार के दर्शन करने व आशीर्वाद लेने बड़ी संख्या में श्रद्धालू जुटे। बाबा के भक्त संगीतमयी आराधना में खूब झूमे। श्री खाटू श्याम पंचमुखी हनुमान मंदिर के सेवक दीपराज उपाध्याय ने बताया कि हर साल अपरा एकादशी के अवसर पर बाबा का भव्य शृंगार किया जाता है। इस वर्ष भी भारत के अलग-अलग राज्यों के आए विशेष आम सहित चीकू, सेब, संतरा, लीची सहित अन्य 101 किलो फलों से बाबा का शृंगार किया गया।

बाबा के दिव्य स्वरूप को देखने भक्तों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। विशेष भोग अर्पित करने के बाद आरती की गई। बता दें कि यहां दूर-दूर से लोग अपनी मनोकामना पूर्ति करने के लिए बाबा खाटू श्याम के दरबार में आते हैं।

**व्रतियों पर भगवान विष्णु की कृपा**

अपरा एकादशी का व्रतियों ने भगवान विष्णु की विधिवत पूजा अर्चना की। सुबह स्नान के बाद तुलसी पत्ता, श्रीखंड चंदन, गंगाजल एवं मौसमी फलों का प्रसाद भगवान को अर्पित किया गया। व्रतियों ने पूरे दिन अन्न का सेवन नहीं किया। शाम को विष्णु जी की आराधना करने के बाद विष्णुसहस्त्रनाम का पाठ किया। शाम को घर के हर एक हिस्से में दीपक जलाए गए। भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी को प्रसन्न कर हर उपाय किए गए।

## अनमोल वचन......

जिसकी फितरत हमेशा बदलने की हो वह कभी किसी का नही हो सकता, चाहे वह समय हो या इंसान!

## हम अर्बन हीट आइलैंड के प्रभाव में

*दिल्ली-एनसीआर समेत देश के कई भागों में गर्मी कहर बरपाए हुए है। राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों के साथ ही उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ के अलग-अलग इलाकों में भी यही हाल है। कई राज्यों में स्कूलों में अवकाश घोषित करना पड़ा है। आगामी दिनों में भी गर्मी की तपिश और लू के थपेड़ों से राहत के आसार नहीं हैं। देश में जगह-जगह लगातार गर्मी का रिकॉर्ड टूट रहा है। मंगलवार को दिल्ली के कई इलाकों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इस बीच, दिल्ली-एनसीआर गर्मी को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। महानगर दिल्ली में पानी की किल्लत इस कदर है कि पानी की राशनिंग करने तक की नौबत आ गई है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने दिल्ली में पेयजल संकट का ठीकरा हरियाणा सरकार पर फोड़ते हुए चेताया है कि जरूरत पड़ी तो सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। उनका कहना है कि हरियाणा सरकार ने दिल्ली के हिस्से का पानी यमुना में छोड़ना बंद कर दिया है।*

*दिल्ली के नागरिकों को भी उन्होंने चेताया है कि गैर-जिम्मेदाराना तरीके से पानी का इस्तेमाल न करें। गाड़ी धोने जैसे कामों में पानी का इस्तेमाल न हो। यदि पानी का इस्तेमाल गैर-जिम्मेदाराना तरीके से होता मिला तो चालान भी किए जा सकते हैं। भीषण जल आपूर्ति का सामना कर रहे इलाकों में टैंकरों से पानी की आपूर्ति दिन में दो बार की बजाय एक बार करने की बात भी कही गई है। कई इलाकों से लोगों के गर्मी और लूट की चपेट में आकर बीमार पड़ने के मामले भी आने लगे हैं।*

*लू की चपेट में आए लोगों को बुखार, सिरदर्द, उल्टी और बेहोशी जैसी शिकायतें हैं। हीट स्ट्रोक के साथ ही डिहाइड्रेशन की गंभीर चुनौती भी दरपेश है। इससे बच्चों को बचाए रखना बेहद जरूरी है। दिल्ली-एनसीआर में गर्मी और लू का आलम यह है कि दिन ही नहीं देर शाम तक भी लू और गर्म हवाएं लोगों को हलकान किए रहती हैं। भीषण गर्मी और लू किसी एक साल तक सीमित मौसमी घटना नहीं है। दरअसल, बढ़ते शहरीकरण के चलते हरियाली की कमी और सीधी धूप के निशाने पर आने के कारण हम 'अर्बन हीट आइलैंड' (यूएचआई) के प्रभाव में हैं, जिसके आने वाले समय में बढ़ने की ही संभावना है, कम होने की नहीं। ऐसी अति मौसमी स्थितियों में रहना हमें सीख लेना होगा।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपका दांपत्य रिश्ता मधुरता से भरपूर रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। किसी काम में आपको सकारात्मक परिणाम हासिल हो सकते हैं। किसी पुराने दोस्त से मिलने का योग बन रहा है। इस राशि के मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा।

**वृष राशिः** आज किसी खास काम में आपको फायदा होगा। भाई-बहन के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। जीवनसाथी आपकी बातों से प्रभावित होंगे। बिजनेस के मामले में दिन अच्छा रहेगा। सामाजिक कामों में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। दोस्तों से आपको मदद मिलेगी।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। कार्यस्थल पर अच्छे प्रदर्शन को दोहराने के लिए एकाग्रता रखनी होगी। बिजनेसमैन के लिए आज का दिन शानदार रहेगा, व्यापार को बढ़ाने के लिये नया प्लान लाभदायक साबित होगा। आज आपका मन आध्यात्म में अधिक लग सकता है।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कोई नई योजना बना सकते हैं। घरेलू समस्याओं को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने में आप सफल होंगे। इस राशि के जो लोग सरकारी नौकरी में हैं, आज उन्हें कोई अच्छी खबर मिलेगी।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज परिवार वालों के साथ हंसी खुशी के साथ समय बितायेंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा। इस राशि के कॉमर्स स्टूडेंट्स को अपने शिक्षकों से अच्छी सलाह मिलेगी। साथ ही करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर भी सामने आएंगे।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ो का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की सम्भावना होगी, दांपत्य जीवन का सुख मिलेगा।

**तुला राशिः** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज कामकाज से जुड़ी कोई चुनौती आपके सामने आयेगी, लेकिन आप उस चुनौती से तुरंत ही पार पा लेंगे। पारिवारिक माहौल अच्छा बना रहेगा। आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। दूसरे लोग आपके कामकाज से प्रभावित होंगे। आपकी तरक्की के नये रास्ते खुलेंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज ऑफिस में सीनियर्स और बॉस के द्वारा कुछ बताया जा रहा है तो उसे गंभीरता से लें, और अपनी कमियों को जानकर उसे सुधारने का प्रयास करें। आज बिजनेस की प्रगति के लिए फाइनेंशियल प्लानिंग करेंगे।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज आपकी किसी समस्या का समाधान निकल सकता है। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी बनी रहेगी। आपको दूसरों से अपनी पर्सनल बात शेयर करने से बचना चाहि, साथ ही जल्दबाजी में कोई बड़ा फैसला लेने से भी बचे। आपको अपनी सोच और व्यवहार को संतुलित रखने की जरूरत है।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आया है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है लेकिन आपके द्वारा किया गया काम आपके बॉस को इम्प्रेस करेगा। रुपए-पैसों के मामले में लापरवाही करने से बचे। आज अपको किसी करीबी से कोई ऐसी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस को लेकर आप कुछ नया प्लान बनाएंगे। इस राशि के जो लोग सोशल साइट्स के काम से जुड़े हैं, उनकी जान-पहचान किसी ऐसे व्यक्ति से होगी जो उनको काफी लाभ पहुंचाएगा।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा आज बच्चे आपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगें और बात भी मानेंगे। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा बिजनेस में कोई बड़ी सफलता हाथ लग सकती है।

# आर्थिक मोर्चे की दो शानदार खबरों से सशक्त होता भारत

//ललित गर्ग//

**यह उल्लेखनीय एवं संतोष का विषय है कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। 'इंडियन इकॉनमी-अ रिव्यू' में यह उम्मीद जताई गई है कि भारत 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर और 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बन जाएगा। एक जून को आम चुनाव के सातवें व अंतिम चरण के चुनाव हो रहे हैं, जिसमें 57 सीटों पर मतदान चल रहा है, चुनाव से पहले कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ध्यान को लेकर विपक्ष की धमासान राजनीति हो रही है।**

कांग्रेस मामले को लेकर अदालत भी पहुंच गई है, इस राजनीतिक गर्मा-गर्मी के बीच मतदान से ठीक एक दिन पहले आर्थिक मोर्चे पर दो शानदार खबरें आई है, जो न केवल चौंका रही है, आश्चर्यचकित कर रही है बल्कि अपूर्व खुशी का अहसास करा रही है। भारत भूमि पर भारतीय रिजर्व बैंक के खजाने में 100 टन से कुछ ज्यादा स्वर्ण का शामिल होना सुखद और गौरवान्वित करने वाली खबर है। इसी तरह दूसरी महत्वपूर्ण खबर है पूर्व के सभी अनुमानों को ध्वस्त करते हुए देश की अर्थव्यवस्था ने 8.2 फीसदी की दर से उड़ान भरी है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, पहली तिमाही अप्रैल-जून में 7.8 फीसदी, दूसरी तिमाही जुलाई- सितंबर में 7.6 प्रतिशत और तीसरी तिमाही अक्टूबर- दिसंबर में 8.6 फीसदी की दर से बढ़ी थी। इसके साथ ही पूरे वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गई। जीडीपी की यह रफ्तार दुनिया के सभी विकसित एवं विकासशील देशों में सर्वाधिक है। उल्लेखनीय आर्थिक प्रगति की यह तेज गति सशक्त अर्थव्यवस्था को एवं दुनिया की तीसरी आर्थिक महाताकत बनने के संकल्प को बल देगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूसरे कार्यकाल की एक मौलिक सोच एवं दृष्टि से ही भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में एक चमकते सितारे के रूप में उभरी है, सुदृढ़ आर्थिक विकास के सुनहरे परिदृश्य प्रस्तुत कर रही है एवं मजबूत आर्थिक विकास को दर्शा रही है।

जीडीपी की शिखर की ओर बढ़ने की गति भारत के शक्तिशाली बनने का आधार है। विनिर्माण, निर्माण, लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाओं द्वारा प्रोत्साहित, चौथी तिमाही की 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर अर्थशास्त्रियों द्वारा लगाए गए 7.3-7.4 प्रतिशत के उच्चतम अनुमान से कहीं अधिक रही। और 8.2 प्रतिशत की पूर्ण वर्ष की वृद्धि दर आरबीआई द्वारा अनुमानित 7 प्रतिशत और एनएसओ द्वारा 2023-24 के लिए 7.6 प्रतिशत के दूसरे अग्रिम अनुमान से अधिक है। यह आंकड़ा सभी अनुमानों एवं पूर्वानुमानों से ऊपर है। जीडीपी की गति इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति देगी। यह आर्थिक विकास देश को न केवल विकसित देशों में बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा। यह जीडीपी इसलिए विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये प्रशंसा पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है। राजनीतिक हितों से ज्यादा देशहित को सामने रखने की यह पहल अनूठी है, प्रेरक है। अमृत काल यानी 2047 तक भारत की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का विजन निश्चित ही हम हासिल करेंगे।

ध्यान देने की बात है कि आजादी के बाद की अधिकतम शासन करने वाली सरकारों ने आर्थिक संकट ही खड़े किये थे। साल 1991 में जब भारत पर आर्थिक संकट आया था, तब शायद भारतीय अर्थव्यवस्था से दुनिया के ज्यादातर देशों को विश्वास कुछ डिग गया था। मजबूरी में देश को अपना सोना विदेश भेजना पड़ा था। तब कर्ज का जाल भारी हो गया था, लेकिन आज भारत की अर्थव्यवस्था बेहतर प्रदर्शन कर रही है और कर्ज चुकाना अब समस्या नहीं है। ऐसे में, इतने बड़े पैमाने पर विदेश से सोना लाने की प्रशंसा ही की जा सकती है। मार्च के अंत तक रिजर्व बैंक के पास 822.1 टन सोना था, जिसमें से 413.8 टन विदेश में था। वास्तव में, अपना सोना किसी अन्य देश में रखने को बहुत अच्छा नहीं माना जाता है। रिजर्व बैंक शायद संदेश देना चाहता है कि भारत अब शक्तिशाली है और वह अपने सोने की हिफाजत खुद कर सकता है। आज अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर हम ब्रिटेन से आगे निकल गए हैं, तो हमें अपनी नीतियों में गरिमा के अनुरूप परिवर्तन करना ही चाहिए। वैसे, भारत की स्थिति अचानक नहीं सुधरी है। एक खास बात यह भी है कि भारत चालू वित्त वर्ष में ऐसे चंद देशों में शुमार है, जिन्होंने सोना खरीदा है। भारतीय रिजर्व बैंक ने कुछ ही महीनों में 27.5 टन सोना खरीदकर अपने स्वर्ण भंडार में जमा किया है।

स्वर्ण भंडार के मामले में भारत 822.1 टन के साथ दुनिया में नौवें स्थान पर है और अमेरिका के पास सर्वाधिक 8,133 टन से ज्यादा सोना है। जर्मनी के पास 3,352 टन सोना है। उसके बाद इटली, फ्रांस, रूस, चीन (2,262 टन), स्विट्जरलैंड और जापान का स्थान है। समय के साथ सोने का भाव बढ़ता ही रहा है, बीस साल पहले जो सोना 6,307 रुपये प्रति दस ग्राम का था, वही सोना आज 73,390 रुपये प्रति 10 ग्राम का हो गया है। जाहिर है, सोने की मांग नहीं घटने वाली, पर ज्यादा से ज्यादा भारतीयों को अपनी बुद्धि, कौशल और श्रम से सोना खरीदने में सक्षम होना पड़ेगा, तभी देश के स्वर्ण भंडार की खनक-चमक बढ़ेगी। कई उच्च आवृत्ति संकेतक जैसे जीएसटी संग्रह, बिजली खपत, माल ढुलाई आंकड़े आदि संकेत देते हैं कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था लचीली और उत्साही बनी हुई है। मोदी यदि तीसरे कार्यकाल के लिये प्रधानमंत्री चुने जाते हैं तो भारत की आर्थिक विकास गति जारी रहेगी। जीडीपी एवं आर्थिक गति मूडीज, फिच, एसएंडपी, नोमुरा, रिजर्व बैंक, आईएमएफ आदि दिग्गज वित्तीय संस्थानों के अनुमानों को ठुकराते हुए नई छलांगे लगायेगी।

प्रधानमंत्री ने देश में आतंकवादी वारदातें कम होने, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने, सरकार के ईमानदारी और पारदर्शिता से काम करने का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए ज्यादा से ज्यादा धन खर्च किया है और 13.5 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। निश्चित ही भारत से गरीबी दूर हो रही है। उन्होंने देशवासियों को?इस बात का अहसास कराया कि जब देश आर्थिक रूप से मजबूत होता है तो तिजोरी ही नहीं भरती बल्कि देश का सामर्थ्य भी बढ़ता है।?उन्होंने देशवासियों से परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के खिलाफ लड़ने का आह्वान भी किया क्योंकि ये गरीब, पिछड़े, आदिवासियों और दलितों का हक छीनते हैं।

यह उल्लेखनीय एवं संतोष का विषय है कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। 'इंडियन इकॉनमी-अ रिव्यू' में यह उम्मीद जताई गई है कि भारत 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर और 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बन जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार इस बात की गारंटी दे रहे हैं कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगा। भारत फिलहाल दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। वैश्विक वित्तीय संस्थान मॉर्गन स्टेनली ने भी ऐसी ही भविष्यवाणी की थी। तमाम तरह की अनुकूलताओं एवं गुलाबी अर्थ रंगों के बावजूद हमें आर्थिक गति की बाधाओं पर भी ध्यान देना होगा। तेज विकास दर के बावजूद रोजगार के मोर्चे पर खास प्रगति नहीं हुई है। आज भी युवा बेरोजगारी का स्तर 40 फीसदी तक बताया जाता है। यह स्थिति गंभीर इसलिए भी है कि यह तेज विकास दर के फायदों को सीमित करती है। एक बड़ी चुनौती यह भी है कि निजी पूंजी निवेश में बढ़ोतरी नहीं हो रही है। श्रम-शक्ति में महिलाओं की कम भागीदारी आर्थिक ही नहीं सामाजिक और अन्य दृष्टियों से भी चिंता की बात है। इस मामले में हम पड़ोस के बांग्लादेश और पाकिस्तान से भी पीछे हैं। अर्थव्यवस्था से जुड़ी दो खबरों ने राहत की सांसें है जिससे नया भारत- सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प भी बलशाली बन सकेगा। सच्चाई यही है कि जब तक जमीनी विकास नहीं होगा, तब तक आर्थिक विकास की गति सुनिश्चित नहीं की जा सकेगी।

# राजनीतिक विसंगतियों से बचे नई लोकसभा

//ललित गर्ग//

**नई संसद को लेकर विमर्श प्रारंभ हो गया है और होना भी चाहिए। यह भी याद रखना जरूरी है कि आज भारत का हर नागरिक विश्व में अपने देश के सम्मान को लेकर गौरवान्वित है। देश के भविष्य को लेकर वह काफी आशावान है। अठारहवीं लोकसभा के गठन के लिये हो रहे चुनाव अब अन्तिम चरण में हैं। अब चुनाव परिणामों पर सबकी निगाहें लगी है, इसी के साथ नयी लोकसभा कैसी हो, किस तरह से राजनीतिक विसंगतियों से उसे बचाकर एक नये आदर्श लोकसभा का गठन हो, ताकि आजादी का अमृतकाल स्वर्णिम एवं सार्थक बन सके। वर्ष 2047 तक भारत की यात्रा परिवर्तन, संभावनाओं एवं अवसरों से भरी है। व्यापक लोकतांत्रिक सुधारों, समग्र विकास, आर्थिक संभावनाओं का लाभ उठाकर एक समृद्ध, शक्तिशाली एवं विकसित राष्ट्र का सपना साकार किया जा सकता है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिये प्रतिबद्धता, रणनीतिक योजनाओं, सही समन्वय एवं नयी लोकसभा के सदस्यों के आपसी संवाद की अपेक्षा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमृतकाल की पूर्णता तक पहुंचने से पहले देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है।**

वर्तमान में भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र एक जीवित तंत्र है, जिसमें सबको समान रूप से अपनी-अपनी मान्यताओं के अनुसार चलने की पूरी स्वतंत्रता होती है। लोकतंत्र की नींव जनता के मतों पर टिकी होती है। नागरिकों की आशा-आकांक्षाओं के अनुरूप प्रशासन देने वाला, संसदीय प्रणाली पर आधारित इसका मजबूत संविधान है। लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों के टूटते-बिखरते की स्थितियों और राजनीतिक प्रक्रिया के कारण आम लोगों में अरुचि और अलगाव बहुत साफ दिखाई देता है, इसके कुछ और भी अनेक कारणों में मुख्य है- समानता लोकतंत्र का हृदय है, लेकिन असमानता ही चहूं ओर दिखाई दे रही है। वोटों के गलियारे में सत्ता के सिंहासन तक पहुंचने की होड और येन-केन-प्रकारेण वोट बटोरने के मनोभाव ने इस उन्नत शासन प्रणाली को कमजोर किया है, जिसकी झलक इन चुनावों में हमने बढ़-चढ़ कर देखी है। नई संसद को लेकर विमर्श प्रारंभ हो गया है और होना भी चाहिए। यह भी याद रखना जरूरी है कि आज भारत का हर नागरिक विश्व में अपने देश के सम्मान को लेकर गौरवान्वित है। देश के भविष्य को लेकर वह काफी आशावान है। दुनिया की तीसरी आर्थिक व्यवस्था बनने को लेकर उत्साहित है। इनकी आशाओं पर खरा उतरने की चुनौती आम चुनावों में सफल होकर प्रधानमंत्री और सांसद बनने वालों के सामने है। इसमें दो राय नहीं कि सकारात्मक नेतृत्व ही व्यक्ति और राष्ट्र को नई प्रेरणा देता है। ऐसे में नवनिर्वाचित सांसदों को सक्रिय संवाद की परम्परा को पुनर्जीवित करने का प्रयास दलगत राजनीति से ऊपर उठकर करने की अपेक्षा है। इसी से निर्वाचित प्रतिनिधियों की साख एवं स्वीकार्यता बढ़ेगी एवं इसीसे भारत के लोकतंत्र को अपेक्षित गरिमा एवं जीवंतता मिल सकेगी। नयी गठित होने वाली लोकसभा के सामने यह बड़ी चुनौती है।

यह चुनौती बड़ी इसलिये है कि राजनीति का वह युग बीत चुका जब राजनीतिज्ञ आदर्शों पर चलते थे। आज हम राजनीतिक दलों की विभीषिका और उसकी अतियों से ग्रस्त होकर राष्ट्र के मूल्यों को भूल गए हैं। भारतीय राजनीति उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। चारों ओर भ्रम और मायाजाल का वातावरण है। भ्रष्टाचार और घोटालों के शोर और किस्म-किस्म के आरोपों के बीच देश ने अपनी नैतिक एवं चारित्रिक गरिमा को खोया है। मुद्दों की जगह अभद्र टिप्पणियों ने ली है। व्यक्तिगत रूप से छींटाकशी की जा रही है। कई राजनीतिक दल तो पारिवारिक उत्थान और उन्नयन के लिये व्यावसायिक संगठन बन चुके हैं। सामाजिक एकता की बात कौन करता है। आज देश में भारतीय कोई नहीं नजर आ रहा क्योंकि उत्तर भारतीय, दक्षिण भारतीय, महाराष्ट्रीयन, पंजाबी, तमिल की पहचान भारतीयता पर हावी हो चुकी है। वोट बैंक की राजनीति ने सामाजिक व्यवस्था को क्षत-विक्षत करके रख दिया है। ऐसा लगता है कि सब चोर एक साथ शोर मचा रहे हैं और देश की जनता बोर हो चुकी हैं।लोकतंत्र में जनता की भागीदारी केवल वोट देने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। जनता के स्वतंत्र लिखने, बोलने और करने की स्वतंत्रता का हनन करने वाले शासकों ने इस शासन प्रणाली को ही धुंधला दिया है। शासक ही सोचेगा, शासक ही बोलेगा और शासक ही करेगा- ऐसी घोषणाओं के द्वारा शासक ने जनता को पंगु, अशक्त और निष्क्रिय बनाया है इसका खासतौर से मध्यवर्ग, कामकाजी प्रोफेशनल्स और युवा आबादी में गहरा असंतोष है। शायद यही वजह है कि आज मुश्किल से ही कोई ऐसा व्यक्ति मिलता है, जिसकी राजनीतिक प्रक्रिया का हिस्सा बनने में कोई दिलचस्पी हो। गौरतलब है कि शहरीकरण और इकनॉमिक ग्रोथ के साथ-साथ ऐसे लोगों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। एक तरह से लोकतंत्र जैसी स्वस्थ और आदर्श शासन प्रणाली भी प्रश्नों के घेरे में है। अब आवश्यकता इस बात की भी है कि देश में लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास हो और मतदान के साथ-साथ नागरिक सजगता का भी विकास हो।लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाने, चुनाव की खामियों को दूर करने एवं नये लीडर उभारने के प्रयास करने होंगे। आम जनता की सजगता नयी बनने वाली सरकार एवं नये सांसदों की नीतियां और नियत क्या है इस पर भी केन्द्रित हो। वोट देने के बाद हमारे शासक कर क्या रहे हैं, इस पर नजर रखे बिना सजगता संभव नहीं है। सोशल मीडिया में भीड़ है, वह तख्ता पलट तो कर सकती है लेकिन उसके बाद का काम नहीं कर सकती। लिहाजा मतदान पहला कदम है अंतिम नहीं। लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिये जरूरी है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी से सरकार बनें और सही तरीके से चले भी। अच्छे लोग राजनीति में रूचि नहीं रखते। नागरिक सजगता की कमी इसी समझदार वर्ग में भी कम नहीं है। लोकसभा में अपराधियों की बढ़ती संख्या भी चिंता का विषय है। चुनाव आयोग पार्टियों को पंजीकृत तो कर सकता है लेकिन नियंत्रित नहीं। यह काम जागरूक नागरिक ही कर सकतें है अतः वे उठें और अपना कर्तव्य निभाएं। निष्क्रिय राजनीतिक दलों का पंजीकरण रद्द होना चाहिए।लोकतंत्र की यह दुर्बलता है कि सांसदों-विधायकों का चुनाव अर्हता, गुणवत्ता एवं योग्यता के आधार पर न होकर, दल या संस्था के आधार पर होता है। इससे राजनीति स्वस्थ नहीं बन सकती और न ही राजनीति में स्वस्थ, योग्य एवं प्रतिभासंपन्न उम्मीदवारों का चयन होता है। सही व्यक्ति की खोज वर्तमान राजनीति की सबसे बड़ी जरूरत है। स्वस्थ राजनीति में ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता इसलिये भी है ताकि लोकतंत्र को हांकने वाला निष्पक्ष हो, सक्षम हो, सुदृढ़ हो, स्पष्ट एवं सर्वजन हिताय का लक्ष्य लेकर चल सके। ऐसी व्यवस्था भी नियोजित की जानी चाहिए है जिसमें स्वतंत्र विचारों वाले जागरूक नागरिकों द्वारा हर सरकार के कामकाज का मूल्यांकन किया जाए। यह उन्हें अपनी चुनावी घोषणाओं या जीतने के बाद किए गए वायदों के प्रति उत्तरदायी बनाएगा। हमें ऐसे मंच तैयार करने चाहिए जो भारत के उन युवाओं, प्रफेशनल्स और ऊर्जावान नागरिकों को एक साथ लाएं और आपस में जुड़ने का अवसर दें, जो इस देश की तस्वीर बदलना तो चाहते हैं लेकिन ऐसा कर नहीं पाते क्योंकि उनके पास मंच नहीं है।

## तस्वीरों की दुनिया



केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल, ओम पाठक और अन्य सहित भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली के निर्वाचन सदन में ईसीआई के साथ बैठक के बाद मीडिया को संबोधित किया।



अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल केटी परनाइक (सेवानिवृत्त) से मुलाकात की और राजभवन, ईटानगर में अपना इस्तीफा सौंप दिया।



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के महासचिव डी राजा, समाजवादी पार्टी के नेता राम गोपाल यादव और कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद सहित गठबंधन के नेताओं ने नई दिल्ली में भारत के चुनाव आयोग के साथ बैठक के बाद मीडिया को संबोधित किया।



दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने तिहाड़ जेल अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण करने से पहले नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पार्टी नेताओं राहुल गांधी और केसी वेणुगोपाल के साथ नई दिल्ली में पार्टी के सभी लोकसभा उम्मीदवारों, सीएलपी नेताओं और पीसीसी अध्यक्षों के साथ जूम मीटिंग करने पहुंचे।



भाजपा उम्मीदवार बांसुरी स्वराज ने दिल्ली के चांदनी चौक स्थित प्राचीन श्री गौरी शंकर मंदिर में पूजा-अर्चना की।

# राजगढ़ में भीषण सड़क हादसा, ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 13 की मौत 25 घायल, सीएम ने हादसे पर जताया दुख

**राजगढ़, 03 जून [एजेंसी]।**

राजस्थान से मध्य प्रदेश के राजगढ़ आ रही बरातियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे पलट गई। हादसा दोनों राज्यों की सीमा पर मध्य प्रदेश के पिपलोदी के समीप हुआ। हादसे में 20-25 लोग ट्रॉली के नीचे दब गए। इनमें से 13 लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में महिलाएं व बच्चे भी शामिल हैं।जानकारी के मुताबिक, राजस्थान के छीपाबडोद थाने के मोतीपुरा गांव से ट्रैक्टर-ट्रॉली में ग्रामीण राजगढ़ के देहरीनाथ ग्राम पंचायत के कुलामपुरा आ रहे थे। रात के अंधेरे में ट्रैक्टर-ट्रॉली जैसे ही मध्य प्रदेश की सीमा में पहुंची, सड़क के किनारे अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना के बाद चीख-पुकार सुन राहगीरों और आसपास के ग्रामीणों ने बचाव शुरू किया।पिपलोदी चौकी को सूचना दी गई। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। घायलों को घटनास्थल से अस्पताल लाने के लिए सात एंबुलेंस को मौके पर भेजा गया। यहां से अलग-अलग एंबुलेंस से घायलों व शवों को जिला अस्पताल लाया गया।वहीं, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने राजगढ़ की दर्दनाक हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राजगढ़ जिले के पीपलोदी रोड पर ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से राजस्थान के झालावाड़ जिले के 13 लोगों की असमय मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। कैबिनेट में साथी नारायण सिंह पंवार सहित कलेक्टर एवं एसपी राजगढ़ मौके पर उपस्थित हैं। हम राजस्थान सरकार के संपर्क में हैं और राजस्थान पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है।÷राजगढ़ जिले के पीपलोदी रोड पर ट्रैक्टर ट्राली पलटने से राजस्थान के झालावाड़ जिले के 13 लोगों की असमय मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। कैबिनेट में साथी श्री @bjpnspbiaora जी सहित कलेक्टर एवं एसपी राजगढ़ मौके पर उपस्थित है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा, घायलों का इलाज जिला अस्पताल, राजगढ़ में जारी है साथ ही गंभीर रूप से घायल कुछ मरीजों को भोपाल रेफर किया गया है। बाबा महाकाल से प्रार्थना है कि दिवंगतों की पुण्यात्मा को अपने चरणों में स्थान प्रदान करें। शोकाकुल परिजनों के साथ मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना है। राजगढ़ जिला अस्पताल से 13 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। एसडीएम राजगढ़ गुलाब सिंह बघेल ने बताया कि घायलों और मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। मृतकों की शिनाख्त अभी नहीं हो सकी है। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने राज्यमंत्री नारायण सिंह पवार को मौके पर भेजा है। उन्होंने राजस्थान के मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया है कि घायलों का बेहतर इलाज किया जा रहा है।

### अरुणाचल में विकास की राजनीति को मिला स्पष्ट जनादेश, मोदी शाह ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत को विकास की राजनीति को मिला स्पष्ट जनादेश करार दिया और कहा कि राज्य के विकास के लिए उनकी पार्टी और भी अधिक उत्साह के साथ काम करती रहेगी। अरुणाचल प्रदेश में भाजपा ने तीसरी बार सत्ता में वापसी की है। मोदी ने एक्स पर पोस्ट में चुनाव में असाधारण मेहनत के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं की भी जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राज्यभर में लोगों के बीच गए और उनसे जुड़े।प्रधानमंत्री ने सिक्किम विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) और मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग को भी बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा- मैं आने वाले समय में सिक्किम की प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के साथ काम करने की आशा करता हूं।

# आम आदमी पर महंगाई की मार 2 रुपये महंगा मिलेगा अमूल दूध




**अहमदाबाद, 03 जून [एजेंसी]।**

लोकसभा चुनाव की वोटिंग खत्म होते ही आम आदमी पर महंगाई की मार पड़ी है। देश के अग्रणी दूध विक्रेता कंपनी अमूल ने दूध के दाम बढ़ा दिए हैं। गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ ने दूध की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर तक बढ़ाने की घोषणा की है। इसका असर लोगों की रोजाना की जिंदगी पर पड़ेगा। जीसीएमएमएफ के एमडी जयेन मेहता ने कहा कि 3 जून से अमूल दूध के सभी प्रकारों के दूध की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। दरअसल, जीसीएमएमएफ अमूल ब्रांड के तहत दूध और डेयरी उत्पादों का विपणन करता है। पिछली बार जीसीएमएमएफ ने फरवरी 2023 में दूध की कीमत बढ़ाई थी।।मेहता ने कहा कि किसानों को उनकी बढ़ी हुई उत्पादन लागत की भरपाई के लिए यह बढ़ोतरी जरूरी है।

ताजा बढ़ोतरी के साथ 500 मिली अमूल भैंस दूध 36 रुपये, 500 मिली अमूल गोल्ड दूध 33 रुपये और 500 मिली अमूल शक्ति 30 रुपये हो गई हैं। जीसीएमएमएफ ने एक बयान में कहा, दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी एमआरपी में 3-4 प्रतिशत की वृद्धि के बराबर है जो औसत खाद्य मुद्रास्फीति से काफी कम है। यह ध्यान देने योग्य है कि फरवरी 2023 से अमूल ने प्रमुख बाजारों में ताजा पाउच दूध की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की है।

# अरुणाचल में तीसरी बार भी भाजपा सरकार सिक्किम में सत्तारूढ़ एसकेएम को कामयाबी

**नईदिल्ली, 03 जून [एजेंसी]।**

एक्जिट पोल के बाद गदगद दिख रही भाजपा को अगली सुबह यानी रविवार को एक और बड़ी कामयाबी हाथ लगी। पार्टी ने अरुणाचल प्रदेश में लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी करते हुए रविवार को 60 सदस्यीय विधानसभा में 46 सीट जीतकर भारी बहुमत हासिल किया। कांग्रेस महज एक सीट पर सिमट गई। उधर, सिक्किम में जनता ने मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग उर्फ गोले के प्रति अपार स्नेह जताते हुए उनकी पार्टी सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) को 32 में से 31 सीटों पर जीत दिलाई। तमांग लगातार दूसरी बार सिक्किम के मुख्यमंत्री बनेंगे। इन दोनों पहाड़ी राज्यों की विधानसभाओं के लिए मतगणना पूरी हुई। तमांग भाजपा के पुराने सहयोगी हैं। जीत के बाद उन्होंने कहा कि वह राजग के सहयोगी बने रहेंगे। अरुणाचल प्रदेश की 60 में से 50 विधानसभा सीटों के लिए 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के साथ ही




मतदान हुआ था, जबकि भाजपा ने 10 सीट पहले ही निर्विरोध जीत ली थीं। मुख्यमंत्री पेमा खांडू भी निर्विरोध जीतने वाले उम्मीदवारों में से एक हैं। जिन 50 सीट पर मतदान हुआ, उनमें से भाजपा ने 36 सीट पर जीत दर्ज की। अरुणाचल प्रदेश में नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) को पांच सीट मिलीं, जबकि पीपुल्स पार्टी आफ अरुणाचल ने दो और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने तीन सीटों पर जीत दर्ज की। कांग्रेस ने एक सीट जीती और तीन सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार विजयी हुए हैं। भाजपा ने अरुणाचल प्रदेश में 2019 के विधानसभा चुनाव में 41 सीटों पर जीत हासिल की थी। भाजपा का वोट प्रतिशत 54.57 रहा। उधर, सिक्किम में विधानसभा की 32 सीटों में से 31 पर तामांग की पार्टी एसकेएम को जीत मिली।

एसकेएम की आंधी में पवन चामलिंग के सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) के सपने धराशाही हो गए और उनका साथ दे रहे पूर्व फुटबालर बाइचुंग भूटिया को भी लगातार छठी हार का सामना करना पड़ा। उनकी पार्टी के एक मात्र उम्मीदवार तेंजिल लाम्था ने स्यारी विधानसभा सीट पर 1314 मतों से विजय हासिल की है। राज्य में अकेले चुनाव लड़ रही भाजपा की झोली खाली रह गई। कभी रिकॉर्ड समय तक सिक्किम के मुख्यमंत्री रहे पवन चामलिंग दो सीटों नामची के पोकलोक कामरांग और पाक्योंग के नामचेबुं से चुनाव लड़े थे और कहीं भी नहीं जीत पाए। तमांग की पार्टी ने पिछली बार 17 सीटें जीती थीं।

# यूपी, बिहार और छत्तीसगढ़ में लू से 28 की मौत, पीएम मोदी ने लिया तैयारियों का जायजा



**नईदिल्ली, 03 जून [एजेंसी]।**

प्रचंड गर्मी और लू से मौतों का क्रम थम नहीं रहा है। रविवार को उत्तर प्रदेश में 13, छत्तीसगढ़ में छह, झारखंड में पांच और बिहार में चार की मौत हो गई। इस बीच भारतीय मौसम विभाग ने कहा है कि सोमवार (तीन जून) को भी देश के अधिकांश हिस्सों में लू चलने की संभावना है।पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली, जम्मू संभाग, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के अलग-अलग क्षेत्र इससे प्रभावित रह सकते हैं। यूपी के चित्रकूट में दो मरीजों की मौत हो गई।जालौन में पांच, उन्नाव व कन्नौज में एक-एक व हमीरपुर में तीन लोगों ने दम तोड़ दिया। फतेहपुर में एक पीएसी जवान की लू से मृत्यु हो गई। वहीं, प्रतापगढ़ में आंधी से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। इससे जगह-जगह पेड़ व बिजली के खंभे टूटकर गिर गए। करीब दो घंटे तक आंधी रही।आम गिरने से बागवानों को भी भारी नुकसान हुआ। पेड़ गिरने और वज्रपात की घटनाओं में दो महिलाओं सहित तीन की मौत हो गई। मौसम विभाग ने जलौन, झांसी, हमीरपुर, महोबा, ललितपुर व इसके आसपास में लू की चेतावनी जारी की है। रविवार को सर्वाधिक तापमान झांसी में 45.2 डिग्री सेल्सियस रहा।रविवार को प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी हुई। अगले दो दिन भी पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों में बूंदाबांदी के आसार हैं। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा में शुक्रवार को 46 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच लू से छह की मौत हो गई। मृतकों की उम्र 51 से 70 वर्ष के बीच है।रविवार को झारखंड में लू से एक बच्ची समेत पांच लोगों की मौत हो गई।

इनमें पलामू और रामगढ़ के दो-दो युवक तथा चतरा की एक बच्ची शामिल है। राज्य में पिछले दो दिनों में लोगों को तेज धूप और गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी से भी मौसम सुहाना हुआ है। पलामू, गढ़वा, रामगढ़, चतरा आदि इलाकों में अब भी पार 44 से 45 डिग्री के बीच है। वहीं, मध्य प्रदेश में कहीं लू नहीं चली। शिवपुरी और टीकमगढ़ जिले में 44 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। पंजाब में भी मौसम गर्म रहा, लेकिन बठिंडा को छोड़कर अन्य किसी जिले में लू का प्रभाव नहीं रहा। बठिंडा में अधिकतम तापमान 45.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## गाजा में युद्धविराम पर नेतन्याहू सरकार के सुर बदले, कहा, बाइडन की योजना अच्छी नहीं लेकिन आगे बढ़ेगा इजरायल

**इजरायल।** गाजा में युद्धविराम को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रस्ताव को स्वीकार करने का दबाव इजरायल पर दिखाई दे रहा है। शनिवार को बाइडन के प्रस्ताव से असहमति जता रही इजरायली सरकार के रविवार को सुर बदले हुए सुनाई दिए। इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू के विदेश नीति मामलों के मुख्य सलाहकार ओफिर फाक ने कहा है कि गाजा को लेकर बाइडन की योजना अच्छी नहीं है लेकिन कुछ बदलावों के साथ इजरायल उसे स्वीकार करेगा। हमास ने कहा है कि अगर इजरायल बाइडन के प्रस्ताव पर आगे बढ़ता है तो वह भी आगे बढ़कर समझौता करने को तैयार है। बाइडन ने गाजा में स्थायी युद्धविराम के लिए तीन चरण का प्रस्ताव दिया है। इस प्रस्ताव के अनुसार हमास बंधक बनाए 100 इजरायली नागरिकों और 30 बंधकों के शव इजरायल को देगा, बदले में इजरायल फलस्तीनी कैदियों को अपनी जेल से रिहा करेगा। यह प्रक्रिया शांत माहौल में पूरी की जाएगी। बाइडन ने इजरायल और हमास से अपील की है कि वे लचीला रुख दिखाकर युद्ध को खत्म कर गाजा में शांति कायम करें। दोनों पक्षों के बीच महीनों से मध्यस्थता कर रहे मिस्त्र और कतर ने बाइडन की योजना का समर्थन किया है। दोनों देशों की सरकारों ने इजरायल और हमास से इसे स्वीकार करने का अनुरोध किया है। बंधकों की रिहाई के बदले स्थायी युद्धविराम की बाइडन की योजना पर इजरायली सरकार के ठंडे रुख को भांपते हुए रविवार को तेल अवीव की सड़कों पर 1,20,000 प्रदर्शनकारी उमड़ पड़े। ये प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को हटाकर बंधकों की रिहाई के लिए हमास से समझौता किए जाने की मांग कर रहे थे।

साथ ही देश में नया चुनाव करवाकर सरकार बनाए जाने की मांग कर रहे थे। नेतन्याहू सरकार की मुश्किल यह है कि समर्थन दे रहे दक्षिणपंथी दलों ने गाजा में स्थायी युद्धविराम करने पर सरकार से अलग होने की धमकी दी है। लेकिन याएर लैपिड के नेतृत्व वाले मुख्य विपक्षी दल ने बंधकों की रिहाई के मुद्दे पर सरकार के समर्थन का एलान किया है।

# विश्व के सबसे बड़े व सफल लोकतांत्रिक चुनाव पर जर्मनी ने दी बधाई, नाइजीरिया ने बताया ऐतिहासिक



**बर्लिन, 03 जून [एजेंसी]।**

जर्मनी ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक चुनावों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए भारतीयों को बधाई दी है। इसी तरह अफ्रीकी देश नाइजीरिया ने भी भारत के लोगों को बधाई दी है। जर्मन विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक चुनावों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए भारतीय लोगों को बधाई। हम भारत की नई सरकार के साथ काम करने और भारत के साथ अपने सहयोग को अगले स्तर पर ले जाने के लिए उत्सुक हैं। भारत की चुनाव प्रक्रिया की सराहना करते हुए नाइजीरिया के विदेश मंत्री यूसुफ मैतामा टुगर ने भी रविवार को भारत के लोगों और विदेश मंत्री एस. जयशंकर को दुनिया के लोकतंत्र के गढ़ के रूप में अपने दर्जे का उदाहरण पेश करने के लिए बधाई दी।

यूसुफ मैतामा टुगर ने 44 दिनों तक चली चुनाव प्रक्रिया को इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी प्रक्रिया कहा। उन्होंने सफलतापूर्वक चुनाव कराने के लिए भारत को बधाई दी, जिसमें 96.8 करोड़ से अधिक पात्र मतदाता थे। उन्होंने कहा कि अफ्रीका के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में उनका देश भारत के साथ है।

# अमित शाह ने किन कलेक्टरों को किया फोन, नाम दें... जयराम के आरोपों पर चुनाव आयोग ने मांगा जवाब

**नईदिल्ली, 03 जून [एजेंसी]।**

अमित शाह द्वारा 150 से अधिक जिलाधिकारियों से फोन पर बात करने के कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश के आरोप को चुनाव आयोग ने गंभीरता से लिया है। चुनाव आयोग ने जयराम रमेश को इसके बारे में सबूत देने कहा है। जयराम रमेश ने शनिवार की शाम को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर अमित शाह द्वारा जिलाधिकारियों को फोन कर चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने का आरोप लगाया था। चुनाव आयोग ने साफ किया कि चुनाव प्रक्रिया पूरा होने तक



सभी जिलाधिकारी आयोग के मातहत माने जाते हैं और नियम के मुताबिक उनके लिए किसी भी बाहरी हस्तक्षेप की जानकारी तत्काल चुनाव आयोग को देना अनिवार्य है।

आयोग ने कहा कि अभी तक एक भी जिलाधिकारी ने अमित शाह द्वारा फोन किये जाने की जानकारी चुनाव आयोग को नहीं दी है। ऐसे में चुनावी प्रक्रिया के संदेह से परे रखने के जरूरी है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता खुद उन जिलाधिकारियों के नाम बताये, जिनको अमित शाह ने फोन किया था।आयोग ने आरोप लगाया कि इस तरह के पोस्ट करने से चुनावी प्रक्रिया पर संदेह खड़ा होता है और आम जनता के हित में इसका तत्काल निवारण करना जरूरी है। जयराम रमेश ने अपने पोस्ट में अमित शाह द्वारा जिलाधिकारियों फोन करने को चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप बताया और इसे भाजपा की हताशा करार दिया था।

जयराम ने यह भी लिखा था कि चार जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा की विदाई और आईएनडीआईए की जीत तय है, इसीलिए अधिकारियों को डरने की जरूरत नहीं है और उन्हें संविधान के अनुसार अपना काम करना चाहिए। यह देखना होगा कि जयराम रमेश इन जिलाधिकारियों के नाम देते हैं या नहीं और नाम नहीं देने की स्थिति में चुनाव आयोग उनके खिलाफ क्या कार्रवाई करता है।

### नर्मदा नदी में डूबे 7 युवक, घूमने आए थे पोइचा गांव, सभी सूरत के रहने वाले

**नर्मदा।** गुजरात के पोइचा गांव में घूमने आए लोगों के लिए मंगलवार का दिन काल का गाल बन गया। सात युवकों के नर्मदा नदी में डूबने की सूचना मिलते ही तट पर मौजूद लोगों में चीख-पुकार मच गई।पुलिस ने बताया कि मंगलवार को गुजरात के नर्मदा जिले के पोइचा गांव में छह लड़कों और एक आदमी के नर्मदा नदी में डूबने की आशंका है। नदी में उतारने के बाद यह लोग काफी गहराई में चले गए और अब तक इनका कोई पता नहीं चला है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना दोपहर करीब 12 बजे हुई।

# अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों में संशोधन से कोविड जैसी बीमारियों का मुकाबला, भारत ने निभाई IHR-2005 के संशोधन में अहम भूमिका

**नईदिल्ली, 03 जून [एजेंसी]।**


77वीं विश्व स्वास्थ्य सभा (वर्ल्ड हेल्थ असेंबली-डब्ल्यूएचए) ने अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों, 2005 में संशोधन करते हुए भविष्य में 194 सदस्य देशों को कोविड-19 जैसी किसी वैश्विक महामारी से बचाने के लिए कमर कस ली है। सदस्य देशों के 300 प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूर करके इसका खाका तैयार किया गया है।भारत ने आईएचआर-2005 के संशोधन में अहम भूमिका निभाते हुए सदस्य देशों को संशोधित नियमों पर सहमत कराने का काम किया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय का कहना है कि इस संबंध में कई देशों के बीच गतिरोध रहा। लेकिन भारत ने इस मसौदे को तैयार करने में अहम भूमिका निभाकर इसके संचालन में हिस्सेदारी, जनस्वास्थ्य की आपात स्थितियों में विकासशील देशों की न्यायसंगत जवाबदेही निर्धारित करने का रास्ता बनाया है। अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों, 2005 (आईएचआर-2005) में संशोधन को अंतिम रूप 28 मई को दिया गया। इसे मंजूरी एक जून को मिली। जिनेवा में हुई बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्र ने किया। उन्होंने श्वेत पत्र के रूप में प्रस्तावों को अग्रसारित



किया ताकि सिंगल ड्राफ्टिंग ग्रुप बने। वैश्विक महामारी को लेकर तैयार की गई इस संधि में स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी सदस्य देशों के बीच आमराय कायम करवाकर इसे सबकी मंजूरी दिलाने का काम कराया। अपूर्व चंद्र77वें विश्व स्वास्थ्य सभा की कमेटी के अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्र ने रविवार को कहा, यह अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों का संशोधन है।

यह सभी के लिए उल्लेखनीय उपलब्धि है। यह हमारे बच्चों और उनके बच्चों के लिए एक तोहफा है। यह संशोधन महामारियों से निपटने में सहभागिता का अगला कदम है और समूचे विश्व को भावी वैश्विक महामारियों के खतरों से सुरक्षित रखने के लिए एकजुटता के एक छत्र का निर्माण किया गया है। इन संशोधनों में अंतरराष्ट्रीय चिंताओं की जनस्वास्थ्य आपातस्थितियों का प्रतिउत्तर (पीएचईआइसी) और वैश्विक आपातस्थितियों (पीई) की तैयारी शामिल है। पीएचईआइसी और पीई की विकासशील देशों की सहायता के लिए वित्तीय संसाधनों को आगे बढ़ाने, मजबूत करने और आइएचआर-2005 के तहत मुख्य क्षमताओं को कायम रखना होगा।

## मेक्सिको में देश की पहली महिला राष्ट्रपति चुनने के लिए हुआ मतदान, दोनों सदनों सहित इन पदों पर भी होगा चुनाव




**मेक्सिको, 03 जून [एजेंसी]।**

मेक्सिको के लोग रविवार को देश के इतिहास में पहली महिला राष्ट्रपति चुनने के लिए वोट किया। राष्ट्रपति पद की दोनों प्रमुख उम्मीदवार महिला हैं। इस प्रतिस्पर्धा में तीसरे उम्मीदवार जार्ज अल्वारेज मेनेज काफी पीछे हैं। इसलिए माना जा रहा है कि देश को पहली महिला राष्ट्रपति ही मिलेंगी।एक पूर्व मेयर हैं और दूसरी पूर्व सीनेटर। निवर्तमान राष्ट्रपति आंद्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर को बदलने की दौड़ में मतदान करने के लिए लगभग 10 करोड़ लोग पंजीकृत हैं। मतदान के दौरान देश के 32 राज्यों में से नौ में राज्यपालों का भी चुनाव होना है। साथ ही कांग्रेस के दोनों सदनों, हजारों मेयर और अन्य स्थानीय पदों के लिए उम्मीदवारों को भी चुना जाना है। मेक्सिको सिटी की पूर्व मेयर क्लाउडिया शीनबाम ने कई महीनों से जनमत सर्वेक्षणों में बढ़त बना रखी है। वहीं विपक्षी सीनेटर जोचिटल गैल्वेज उन पार्टियों के गठबंधन का प्रतिनिधित्व कर रही हैं, जो निवर्तमान राष्ट्रपति आंद्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर का विरोध कर रहे हैं। चुनाव में मतदाताओं की संख्या बढ़ाने के लिए हजारों मैक्सिकन स्टोर उन ग्राहकों के लिए मुफ्त सामान की पेशकश का विज्ञापन कर रहे थे जो रविवार को वोट देने के बाद स्याही का निशान दिखाने पहुंचे। देश की सबसे बड़ी सुविधा स्टोर श्रृंखला के कुछ आउटलेट पर मतदाताओं को मुफ्त काफी की पेशकश की गई थी।

# लाखों के खर्च से एसईसीएल ने स्थापित किये वाटर एटीएम, नहीं दे रहे पानी




**कोरिया पांडवपारा कॉलरी।** एसईसीएल द्वारा सीएसआर मद से शुद्ध पेय जल की आपूर्ति हेतु कोरिया नीर के नाम से वाटर एटीएम टेंगनी और पांडवपारा मे स्थापित किया गया था लेकिन बीते कई सालों से खराब पड़ा है। जिससे इस भीषण गर्मी में शुद्ध पानी के लिए लोगों को इधर उधर भटकना पड़ रहा है लेकिन एसईसीएल प्रबंधन व ग्राम पंचायत मूकदर्शक बने हुए है।

एसईसीएल पांडवपारा के द्वारा लगभग 1 वर्ष पूर्व सीएसआर मद से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति हेतु वाटर एटीएम टेंगनी और पांडवपारा में पुलिस सहायता केंद्र के समीप लगाया गया था। जिसमें एक सिक्का डालने से पांच लीटर शुद्ध पानी राहगीर, कॉलरीकर्मी सहित आमलोगो को उपलब्ध हो सके। स्थापना के कुछ दिन तक तो वाटर एटीएम ठीक ठाक चला लेकिन टेंगनी का साल भर पूर्व जब खराब हुआ तो अभी तक एसईसीएल प्रबंधन द्वारा उसे ठीक कराने के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया। तो वहीं पांडवपारा का तीन माह पहले खराब हो गया है।जिससे आमलोगों को शुद्ध जल नही मिल पा रहा है।जिससे ग्रामीणों में प्रबंधन के प्रति काफी आक्रोश पनप रहा है।जबकि ग्राम पंचायत खोंड पांडवपारा की जनसंख्या लगभग 3000 है। पांडवपारा व टेंगनी के पप्पू सिंह,तरुण सिंह, अनिल, योगेंद्र जैसे लोगों को कहना है कि गर्मी के दिनों में पानी की जरूरत ज्यादा होती है। लेकिन कोयलांचल में लोगों को शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के लिए लगाई गई वाटर एटीएम काफी अरसे से खराब है। लेकिन उसे ठीक कराने का जहमत कोई नहीं उठा रहा है।जिससे तपती गर्मी में पानी के लिए लोगों को इधर उधर भटकना पड़ रहा है। शुद्ध पानी लेने के लिए एक किमी दूर दराज गांव की ओर जाना पड़ रहा है। टेंगनी का साल भर से तो पांडव पारा का तीन माह से खराब पड़ा है कोरिया नीर, एसईसीएल के लाखों रुपए की लागत से स्थापित कोरिया नीर पर प्रबंधन का कोई ध्यान नहीं है।प्रबंधन के अनदेखी के चलते भीषण गर्मी में भी दोनो वाटर एटीएम खराब पड़े हैं। उसके कारण स्थानीय लोगों के साथ राहगीरों को भी शुद्ध पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है। प्रतिदिन हजारों लीटर की आपूर्ति देने वाला वाटर एटीएम ठीक होने की राह देख रहा है।

खोंड़ सरपंच ललिता सिंह सचिव सुशील पांडेय ने कॉल रिसीव नहीं किया जिससे उनका पक्ष नही लिया जा सका।

ग्राम टेंगनी सचिव विजेंद्र साहू ने कहा कि मैं 2021 से टेंगनी का कार्य भाल संभाल रहा हूं लेकिन अभी तक कोरिया नीर का शटर नही खुला है।

वाटर एटीएम है या नहीं लगा इसकी जानकारी नहीं है। वर्तमान में हॉस्पिटल वाला चालू है।

**हम सिर्फ कोरिया नीर में बिजली देते हैं बाकी देखरेख पंचायत का काम है क्यों चालू नहीं कर रही है उसके बारे में जानकारी ग्राम पंचायत ही देगी।**

**आरपी मिश्रा**
**सब एरिया पांडवपारा झिलमिली**

# समितियों में किसानों के लिए पर्याप्त खाद बीज उपलब्ध



**कोरिया बैकुंठपुर।** कृषि विभाग के उप संचालक राजेश भारती ने जानकारी दी है कि जिले में मानसून के आगमन पूर्व किसानों को खाद, बीज, उर्वरक आदि वितरण सुनिश्चित करने के लिए लगातार किसानो से उक्त सामग्री उठाव करने के लिए अपील की जा रही है।

उन्होंने बताया कि किसानों की मांग अनुसार बीज एवं उर्वरक भण्डारण जिले की सभी 16 सहकारी समितियों में किया जा रहा है। अब-तक खरीफ बीज में धान फसल की विभिन्न किस्मों जैसे एमटीयू-1010 1645.30 क्विं. (आधार 1), 142.10 क्विं (आधार -II), एमटीयू-1156 228.90 क्विं. (आधार -1), प्रोटोज़िन 10.80 क्विं. (आधार -1). आईआर-64 806.80 क्विं. (आधार 1), 272.48 क्विं. (आधार II) कुल 3 हजार 106.38 क्विं. बीज भण्डारण किया गया है। इसी प्रकार उर्वरक में यूरिया 5 हजार 325, सुपर फास्फेट 180, इफको (12.32.16) 904, डी.ए.पी. 2 हजार 340, पोटास 81 मे. टन इस तरह 8 हजार 830 में. टन उर्वरक समितियों में भण्डारण किया जा चुका है। आज आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सलबा, विकासखण्ड बैकुण्ठपुर में उप संचालक राजेश कुमार भारती की उपस्थिति में किसानों को खाद एवं बीज का वितरण किया गया है। इस अवसर पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी टी.एस. परस्ते एवं कलेश्वर सिंह, समिति प्रबंधक बाला जी रेड्डी एवं ग्राम सलबा के किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उप संचालक श्री भारती ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि उर्वरक की अग्रिम उठाव करें साथ ही अपने नजदीकी किसानों को भी इस बाबत प्रचार-प्रसार करने की अपील की। उन्होंने बताया कि खाद-बीज पर्याप्त मात्रा में भण्डारण किया गया है।

# गणना पर्यवेक्षक ने सहयोगियों को दिया जरूरी प्रशिक्षण, शंका दूर की

**कोरिया बैकुंठपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतगणना कार्य हेतु आज मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, माईक्रो ऑब्जर्वर, वीवीपैट एवं मशीन सिलिंग पर्यवेक्षक, वीवीपैट मशीन सिलिंग सहायक, रनर को प्रशिक्षण दिया गया।




जिला पंचायत कार्यालय के मंथन कक्ष में 18 मतगणना पर्यवेक्षक, 18 मतगणना सहायक, 18 माइक्रो ऑब्जर्वर, 2 वीवीपैट व मशीन 1 पेपर सिलिंग, 12 वीवीपैट व मशीन सिलिंग सहायक तथा 24 रनर को प्रशिक्षण दी गई। मतगणना पर्यवेक्षक गोपीचंद कदम ने इस अवसर पर कहा आप लोगों ने जो प्रशिक्षण प्राप्त किया है, उसके अनुरूप ही मतगणना कार्य को सम्पन्न कराएं। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर कार्य को सम्पन्न करें। उन्होंने कहा कि हम सबकी जिम्मेदारी है कि 4 जून को मतगणना के अवसर पर पूरे जवाबदेही के साथ मतगणना कार्य को सम्पन्न करें। इस अवसर पर कर्मियों से सवाल-जवाब भी किए। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी अधिकारियों, कर्मचारियों से कहा कि आप लोगों ने बहुत ही कुशलता पूर्वक विगत वर्ष विधानसभा निर्वाचन में मतगणना कार्य को संपन्न कराने में योगदान दिया था, उसी तरह से 4 जून को होने वाले मतगणना में भी बहुत ही जिम्मेदारी के साथ कर्तव्य का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रशिक्षण में प्राप्त किए गए जानकारियां, सावधानियां और भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर कार्य करें। उन्होंने कर्मियों से कहा कि निष्पक्षता, पारदर्शिता और एकाग्रता से कार्य करें। उन्होंने सभी कर्मियों को निर्देश भी दिए हैं प्रत्येक वर्गों से विनम्रता के साथ व्यवहार करें। मतगणना के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल सम्बंधित अधिकारियों को अवगत कराएं। जिला पंचायत के सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने मतगणना कार्य हेतु प्रशिक्षण ले रहे कर्मियों से कहा कि काउंटिंग का उद्देश्य को भली भांति समझते हुए 4 जून को होने वाले मतगणना कार्य में बेहतर योगदान दें। उन्होंने कहा कि ईमानदारी, निष्पक्षता के साथ मिले जिम्मेदारी को निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि जिन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे पूरे मनोयोग के साथ संपन्न करें। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी व बैकुंठपुर एसडीएम श्रीमती अंकिता सोम, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती दीपिका नेताम सहित जिला प्रशासन व निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तालाब में मिला नवजात शिशु का शव

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले से मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। दरअसल, तालाब में नवजात शिशु का शव मिला है। किसी ने बड़ी ही क्रूरता से एक नवजात शिशु को थैले में भरकर तालाब में फेंक दिया है। स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के सत्ती पारा का है।

मिली जानकारी के अनुसार सत्ती पारा स्थित दीवान तालाब में किसी ने छह माह के नवजात शिशु को थैले में भरकर तालाब में फेंक दिया। स्थानीय लोगों ने पहले तो सोचा कि थैले में किसी ने डॉल को फेंका है फिर जब उन्होंने थैले को बाहर निकालकर देखा तो पांच-छह महीने के बच्चे का शव था। इससे इलाके में हड़कंप मच गया। लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# मतगणना कल, कलेक्टर और एसपी ने स्थल का जायजा लेकर तैयारी देखी

**कोरिया बैकुंठपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए संसदीय क्षेत्र कोरबा के अंतर्गत 4 जून को बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों की मतगणना होगी।

इसी तारतम्य में आज कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह एवं पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार एवं जिला पंचायत के सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने मतगणना केन्द्र, आदर्श रामानुज उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, बैकुंठपुर जाकर आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। श्री लंगेह ने मतगणना हेतु की जाने वाली आवश्यक व्यवस्था को लेकर संबंधित नोडल अधिकारियों से वन-टू-वन चर्चा की। 4 जून को होने वाले मतगणना की प्रक्रिया पूर्ण कराने के लिए मतगणना स्थल में आवश्यक व्यवस्था, ईवीएम से मतों की गणना हेतु बनाए गए कक्ष, टेबुलेशन आदि कार्य के संबंध में जानकारी प्राप्त की और उन्होंने पर्याप्त संख्या में टेन्ट, बेरिकेडिंग, फर्नीचर, मीडिया सेंटर व स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करने, एम्बुलेंस की व्यवस्था, इंटरनेट कनेक्टिविटी एवं टेलीफोन व्यवस्था, साफ सफाई, अग्निशमन, पानी टैंक की व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग के लिए स्थान आरक्षित आदि की जानकारी प्राप्त की।



पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने मतगणना स्थल का जायजा लेते हुए सीसीटीवी की व्यवस्था, रिजर्व दल के कर्मचारियों के बैठने की आवश्यक व्यवस्था के सम्बंध जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पासधारी को अंदर जाने की अनुमति देने के निर्देश दिए,वहीं पार्किंग व्यवस्था का भी जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने निर्बाध रूप से विद्युत की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा जनरेटर उपलब्ध कराने, पेयजल की व्यवस्था और पार्किंग स्थल पर सुरक्षा के निर्देश दिए। इस दौरान एआरओ श्रीमती अंकिता सोम, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती दीपिका नेताम, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती कविता ठाकुर सहित मतगणना से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

## सड़कों व चौक-चौराहे से मवेशियों को हटाने का अभियान जारी

### घूमन्तू पशुओं को पहनाया जा रहा है रेडियम बेल्ट

**कोरिया बैकुंठपुर।** सड़कों में मवेशियों के बैठने या विचरण करने से सड़क दुर्घटना होने की आशंका बनी होती है। कई पशुपालको द्वारा सड़कों में अपने मवेशियों को छोड़ देते हैं, जिससे दुर्घटना होने के साथ यातायात भी प्रभावित होते हैं। इन सबको ध्यान में रखते हुए विगत दिनों जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने पशुपालन विभाग, नगरीय निकाय, जनपद कार्यालयों के अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि सड़कों व चौक-चौराहे से मवेशियों या विचरण करने वाले घुमन्तू पशुओं को तत्काल हटाया जाए। इसी कड़ी में नगर पालिका परिषद शिवपुर-चरचा, बैकुंठपुर, जनपद कार्यालय, पशुपालन विकास विभाग के समन्वित प्रयास से देर रात तक सड़कों, चौक-चौराहे से पशुओं को हटाया जा रहा है। विभागों के समन्वित प्रयासों से बैकुंठपुर, शिवपुर- चरचा, खरवत, ओड़गी, जमगहना, बिशुनपुर, फूलपुर, डुमरिया, पटना, भौंडी आदि स्थानों से गुजरने वाली नेशनल हाइवे 43 से पशुओं को हटाने का अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसके अलावा शिवपुर-चरचा पुलिस थाना, बस स्टैंड, स्कूलपारा से कलेक्ट्रेट होते हुए खरवत चौक, जूनापारा, खुटहनपारा, पुराना बस स्टैंड, रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल, तलवापारा, ओड़गी नाका, घड़ी चौक, शिवमन्दिर आदि स्थानों से करीब 335 पशुओं को विस्थापित किया गया। सड़कों में घूमने वाले पशुओं के पशु मालिकों को विभाग द्वारा चिन्हांकन कर उन्हें समझाइस भी दी जा रही ताकि पशुओं को सड़कों पर न छोड़े। समझाने के बावजूद ऐसे लापरवाह पशुपालको के खिलाफ आर्थिक जुर्माना भी वसूली की जा रही है। पशुपालन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक सड़कों, चौक-चौराहे पर मवेशियों, पशुओं को छोड़ने वाले पशुमालिकों से 2300 रुपए जुर्माना भी वसूली की गई है। इसके अलावा 84 से अधिक घुमन्तू पशुओं को रेडियम बेल्ट भी पहनाया गया है। कलेक्टर श्री लंगेह ने पशुपालको से अपील की है कि मवेशियों, पशुओं को सड़कों पर बिल्कुल न छोड़े। उन्होंने वाहन चालकों से कहा है कि वाहन बेहद सावधानी पूर्वक चलाएं।



# राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने मैडल जीते, एसपी ने सम्मानित किया



**कोरिया बैकुंठपुर।** राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन करने वाले जिले के 05 जूनियर खिलाड़ियों एवं उनके प्रशिक्षक को पुलिस अधीक्षक कोरिया ने 31 मई 2024 को रक्षित केंद्र के कॉन्फ्रेंस हॉल में सम्मानित किया है।

18 मई 2021 से संचालित कोरिया बैडमिंटन अकादमी जिसमे अब तक लगभग 100-120 छोटे - छोटे बच्चों ने बैडमिंटन प्रशिक्षण प्राप्त किया है, और वर्तमान में लगभग 25 बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। इनके हेड कोच श्यामलाल मित्रा (पुलिस आरक्षक), सहायक कोच नवीन मित्रा, योगेश निमेश एवं प्रकाश साहू के अथक प्रयास से उन्ही प्रशिक्षणरत जूनियर खिलाड़ियों में से पाँच प्रशिक्षणर्थियों ने राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया है। जिसमे से कु0 श्रद्धा घोष पिता दिनबंधु घोष निवासी एम.एल.ए. नगर, बैकुण्ठपुर द्वारा भिलाई छ.ग. में आयोजित सीबीएसई गेम्स 2023-24 में बैडमिंटन प्रतियोगिता अंतर्गत भाग लेकर तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्रोंज मैडल प्राप्त किया है एवं 21वीं छत्तीसगढ़ राज्य सब जुनियर बैडमिंटन चैम्पियनशीप-2022 कोरबा में, 21वीं स्टेट लेवल स्कूल गेम्स 2021 रायगढ़ में, 22वीं स्टेट लेवल स्कूल गेम्स 2022 दुर्ग में भी भाग लेकर अपना सराहनीय प्रदर्शन किया है। कु0 अमूल्या गुप्ता पिता संतोष गुप्ता निवासी जूनापारा, बैकुण्ठपुर द्वारा भिलाई छ.ग. में आयोजित सीबीएसई गेम्स 2023-24 में बैडमिंटन प्रतियोगिता अंतर्गत भाग लेकर तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्रोंज मेडल हासिल किया है, इसके अतिरिक्त 21वीं छत्तीसगढ़ राज्य सब जुनियर बैडमिंटन चैम्पियनशीप-2022 कोरबा में भी अपना शानदार प्रदर्शन किया है। इसी तरह कु0 देवांशी पटेल पिता प्रवीण पटेल (पुलिस प्रधान आरक्षक) निवासी हर्रापारा, बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया द्वारा सेंट जोसेफ इंग्लिश मीडियम स्कूल बैकुण्ठपुर में वर्ष 2022-23 में आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता अंतर्गत भाग लेकर प्रथम स्थान एवं 21वीं छत्तीसगढ़ राज्य सब जुनियर बैडमिंटन चैम्पियनशीप-2022 कोरबा में, 21वीं स्टेट लेवल स्कूल गेम्स 2021 रायगढ़ में, 22वीं स्टेट लेवल स्कूल गेम्स 2022 दुर्ग में भी भाग लेकर अपना सराहनीय प्रदर्शन किया है। अश्विन मित्रा पिता श्यामल मित्रा निवासी जूनापारा, बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया द्वारा 21वीं छत्तीसगढ़ राज्य सब जुनियर बैडमिंटन चैम्पियनशीप-2022 कोरबा में, 21वीं स्टेट लेवल स्कूल गेम्स 2021 रायगढ़ में, 22वीं स्टेट लेवल स्कूल गेम्स 2022 दुर्ग में एवं परम गुप्ता पिता सुरेश गुप्ता निवासी मेन रोड़, बैकुण्ठपुर द्वारा 21वीं छत्तीसगढ़ राज्य सब जुनियर बैडमिंटन चैम्पियनशीप-2022 कोरबा में, 52वीं के.वि.सं. राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता 2023 हैदराबाद में भाग लेकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया है। इसके साथ ही सभी जूनियर खिलाड़ियों द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर-2023 कोरिया में भाग लेकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन भी दिया है। पुलिस अधीक्षक कोरिया द्वारा सभी पाँच जूनियर खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन पर शुभकामनायें देते हुए उन्हें सम्मान पत्र प्रदाय किया गया है। एसपी कोरिया ने कहा कि इनके शानदार प्रदर्शन से न केवल कोरिया जिला, छत्तीसगढ़ राज्य बल्कि भारत देश का नाम रोशन होने की पूरी सम्भावना है और ये विद्यार्थी अपने परिश्रम के बल पर अपने अभिभावक, गुरुओ एवं समाज के लिए गर्व का विषय भी बनेगें। पुलिस अधीक्षक कोरिया द्वारा इन खिलाड़ियों के हेड कोच श्यामल मित्रा को भी सम्मानित किया गया है। पुलिस विभाग के कर्मचारी होने के साथ-साथ ये बैडमिंटन के एक कुशल प्रशिक्षक होने, विभागीय दायित्वों के निर्वहन पश्चात अतिरिक्त समय निकालकर पिछले 03 वर्षो से बैडमिंटन खेल का प्रशिक्षण देने के लिए आरक्षक श्यामल मित्रा को सम्मान पत्र प्रदाय किया है। उक्त कार्यक्रम में कोरिया बैडमिंटन अकादमी में प्रशिक्षणरत बच्चे, उनके अभिभावक, गुरुजन, पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सउनि राजीव गुप्ता द्वारा किया गया।

## तीन वाहनों में टक्कर से राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन प्रभावित

**बलरामपुर।** अंबिकापुर-रामानुजंगज राष्ट्रीय राजमार्ग 343 में सेमरसोत जंगल में मंदिर के आगे हलहला पुलिया पर अंबिकापुर की ओर से लोहे का पाइप लोड कर आ रहा टेलर वाहन ट्रक को ओवरटेक टेक करने के चक्कर में तीन ट्रकों की आपस में जबरदस्त टक्कर हो गई जिससे ट्रेलर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर हाईवे पेट्रोलिंग की टीम पहुंची जिनके द्वारा घायल ट्रेलर चालक को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। सुबह छह बजे हुई घटना के बाद 12 बजे तक जाम की स्थिति बनी रही। हाइड्रा से वाहनों को किनारे करने के बाद ही आगमन सामान्य हो सका। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सुबह छह बजे के करीब राष्ट्रीय राजमार्ग 343 में अंबिकापुर की ओर से ट्रेलर वाहन आ रही थी। जिसे दुर्ग से पटना जाना था। हलाहल पुलिया में एक ट्रक को ओवरटेक कर आगे ट्रेलर बढ़ रही थी इसी दौरान ओवरटेक करने वाले ट्रक एवं सामने आ रही ट्रक तीनों की आपस में टक्कर हो गई जिससे ट्रेलर ड्राइवर बद्री कुमार मंडल (35) निवासी दुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी जानकारी हाईवे पेट्रोलियम की टीम को लगते हे हाईवे पेट्रोलिंग के अमित मिंज एवं उदयभान दुबे मौके पर पहुंचे जिनके द्वारा घायल चालक को तत्काल जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। घायल टेलर चालक ने कहा कि ब्रेक लगाने का बहुत प्रयास किया परंतु ब्रेक नहीं लग पाया। ट्रकों के बीच हुई दुर्घटना के कारण आगमन बातचीत हो गया जो 12 के करीब हाइड्रा एवं पोकलेन मशीन से ट्रक को किनारे करने के बाद सामान्य हो सका।



# 74% वोटर्स ने लिखी तस्वीर, मतों की गिनती से तय होगा अगला सांसद कौन

## आईटी कॉलेज में कल सुबह 8 बजे से गणना, सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती

-स्थानीय संवाददाता-

**कोरबा।** तीसरे चरण में 7 मई को संपन्न कोरबा लोकसभा क्षेत्र के मतदान का निर्णय अब नजदीक है। 8 विधानसभा क्षेत्रों के 74 प्रतिशत वोटर्स ने मताधिकार का प्रयोग कर अपनी भूमिका सुनिश्चित कर दी। मतों के आधार पर मंगलवार को तय होगा कि भारत की संसद में कोरबा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाला सांसद आखिर कौन सा चेहरा होगा। मतों की गणना के लिए जिला प्रशासन ने आईटी कॉलेज में तैयारियां पूरी कर ली है।

लोकसभा क्षेत्र कोरबा के गठन के बाद यह अब तक का चौथा आम चुनाव है। इस संसदीय क्षेत्र में कोरबा जिले की कोरबा, रामपुर, कटघोरा और पाली-तानाखार के अलावा जीपीएम जिले की मरवाही, कोरिया जिले के बैकुंठपुर और एमसीबी जिले की मनेंद्रगढ़ व भरतपुर-सोनहत विधानसभा सीटें शामिल हैं। इस संपूर्ण लोकसभा क्षेत्र में 16 लाख 23 हजार से ज्यादा मतदाता शामिल हैं जिनमें पुरुषों के मुकाबले महिला मतदाताओं की





संख्या ज्यादा है। मतदान के दौरान पूरे संसदीय क्षेत्र में विधानसभावार अलग-अलग आंकड़े आए, जिसका सकल औसत 74 प्रतिशत के आसपास रहा। चुनाव में मुख्य मुकाबला मौजूदा सांसद और कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत व भाजपा की राष्ट्रीय सचिव सरोज पांडे के बीच है। 25 और प्रत्याशी भी मैदान में कायम हैं।

### पारदर्शी रहेगी प्रक्रिया

चुनाव के तहत कोरबा संसदीय सीट के लिए होने वाली मतगणना की तैयारी पूरी कर ली गई है। आईटी कॉलेज स्थित स्ट्रॉंग रुम में मतों की गिनती होगी। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया,कि मतगणना की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने बताया कि लोकसभा चुनाव हेतु कोरबा जिले में मतगणना की तैयारियां पूरी कर ली गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों की उपस्थिति तथा मतगणना हॉल में अभ्यर्थियों,निर्वाचन अभिकर्ताओं की उपस्थिति में पारदर्शी तरीके से मतगणना का कार्य सुनिश्चित किया जाएगा।

### 14 टेबल में होगी गिनती

मतगणना आईटी कॉलेज झगरहा में सुबह 08.00 बजे से मतगणना कक्ष में प्रारंभ किया जायेगा जिस हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कार्य के लिए 14 टेबल एवं 10 टेबल पोस्टल बैलेट, ईटीपीबीएस के लिए लगाया गया है। सर्वप्रथम सुबह आठ बजे से पोस्टल बैलेट, ईटीपीबीएस की मतगणना कार्य प्रारंभ किया जायेगा इसके बाद 8.30 बजे ई.व्ही. एम. मशीनों से मतगणना का कार्य किया जायेगा।

### भूमिका निभाएंगे रिटर्निंग ऑफिसर

मतदान की गोपनीयता बनाये रखने संबंधी लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 128 के प्रावधानों को रिटर्निंग अधिकारी द्वारा पढ़कर सुनाया जायेगा। मतगणना सुबह 08.00 बजे से प्रारंभ होगी। मतगणना हॉल में सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा सर्वप्रथम डाक मतपत्र की गणना प्रारंभ की जाएगी। डाक मतपत्र की गिनती प्रारंभ होने के 30 मिनट उपरांत ईव्हीएम में दर्ज मतों की गिनती प्रारंभ की जाएगी। ततपश्चात् विधानसभावार मतगणना का कार्य किया जायेगा। जिसमें रामपुर का 21 राउंड में ,कोरबा का 18 राउंड में कटघोरा का 19 राउंड में पाली तानाखार का 22 राउंड में मतगणना का कार्य किया जायेगा।

# गैस सिलेंडर में लगी आग से ब्लास्ट, 20 मिनट में किया काबू

### लोगों की समझ और कोशिशों से सफलता

**कोरबा।** नौतपा के अंतिम दिन शाम को तेज हवाओं के चलने से और कुछ इलाकों में हुई अच्छी बारिश से मौसम कूल-कूल हो गया। तापमान में कुछ गिरावट भी आई। इसके ठीक उल्टे नगर के बुधवारी बाजार क्षेत्र में एक खोमचा दुकान में गैस सिलेंडर से आग लगने के साथ ब्लास्ट हो गया। तीन दुकानें इसके प्रभाव में आए। अग्नि जागरूकता को लेकर बढ़ी हुई समझ का असर यह हुआ कि लोगों ने साझा प्रयासों से 20 मिनट के भीतर आग पर काबू पा लिया।

सूचनाओं के अनुसार पिछली रात 10 बजे के आसपास यह घटना सीएसईबी पुलिस चौकी अंतर्गत बुधवारी बाजार क्षेत्र में हुई। यहां कई प्रकार की दुकानें संचालित होती हैं जिनके माध्यम से संचालकों और आम लोगों की जरूरत की पूर्ति हो रही है। इसी



में शामिल एक समोसा दुकान में उपयोग किये जा रहे गैस सिलेंडर में एकाएक आग का संपर्क हो गया। फैलाव होने के साथ वह ब्लास्ट हो गया। इसके प्रभाव से नजदीक की दो और दुकानें चपेट में आईं। आपात स्थिति में धैर्य और साहस का परिचय देते हुए लोगों ने अग्नि दुर्घटना को नियंत्रित करने के बारे में मिली सीख का उपयोग किया। कई तौर-तरीके अपनाए। लोगों की सूचना पर सीएसईबी पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम भी यहां पहुंची। इसका नतीजा यह हुआ कि महज 20 मिनट के भीतर मौके पर लगी आग को नियंत्रित कर लिया गया। इससे नुकसान के स्तर को ज्यादा होने से रोक लिया गया। फिर भी घटना में संबंधित दुकानों के काफी सामान प्रभावित हुआ है। लोगों ने पुलिस को इस बारे में सूचना दी है। प्रशासन की ओर से बताया गया कि अग्नि दुर्घटना के मामले में जांच पड़ताल और प्रतिवेदन के आधार पर प्रभावित पक्ष को क्षतिपूर्ति देने का प्रावधान है। उपरोक्तानुसार ऐसे मामलों में आगे कार्यवाही की जाएगी।

# रिहायशी क्षेत्र से आवाजाही करने पर तीन लोड ट्रेलर पकड़े

**कोरबा।** दीपका पुलिस ने आज सुबह झाबर में तीन लोड ट्रेलरों को पकड़ा है। पुलिस को शिकायत मिली थी कि कुछ ट्रांसपोर्टर शासन प्रशासन को ठेंगा दिखाते हुए रहवासी क्षेत्रों के बीच से भारी मालवाहक गाड़ियों को पार कर रहे हैं।

सूचना पर दीपका पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दीपका में ही गाड़ियों को रोकने की कोशिश की मगर ड्राइवरों ने गाड़ियों में बिना ब्रेक लगाये झाबर तक भागते रहे अंततः पुलिस के डर से ड्राइवरों ने गाड़ी रोका व मांगे गए। कागज पुलिस कर्मियों को दिखाये पुलिस के पूछे जाने पर जय अंबे रोड लाइंस किसी ट्रांसपोर्टर की बताया गया पुलिस सभी पर्चियों एवं गाड़ी के दस्तावेज लेकर थाने गई एवम कार्यवाही कर रही है। दो दिन पहले ही महिला एवम उनके दो बच्चे भयंकर दुर्घटना के शिकार होते होते बचे हैं। ऐसे में ट्रांसपोर्टर



की ऐसी बड़ी लापरवाही किसी भी बड़ी दुर्घटना को अंजाम दे सकती है। गाड़ियों में ओवरलोड कोयला की भी आशंका जताई जा रही है। जिसके जांच करवाने की बात दीपका पुलिस के सक्षम अधिकारी ने की है। जिस तरह से दीपका के सिटी अंदर एवं नो एंट्री में अवैध तरीके से ट्रांसपोर्टिंग गाड़ियों को ट्रांसपोर्टर द्वारा संचालन किया जा रहा है जो नियम के विरुद्ध है। कई ट्रांसपोर्टरों के द्वारा अवैध तरीके से संचालन करने से घटना की आशंका बनी रहती है। दीपका थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने बताया कि रिहायशी क्षेत्र से आवाजाही करने वाले ट्रेलर पर एमव्ही एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है।

# गलत तरीके से की ड्राइविंग 334 डीएल किए निलंबित

### ओवर स्पीडिंग सहित कई कारण से कार्रवाई

**कोरबा।** वाहनों को चलाने के लिए यातायात विभाग के द्वारा कई नियम कायदे बनाए गए हैं और हर हाल में चालकों को इसका पालन करना ही है। अनदेखी करने से अपने साथ-साथ दूसरों की जिंदगी पर जोखिम होना संभावित है। उदासीनता बरतने से हुई दुर्घटना और आशंका के मद्देनजर कोरबा जिले में पुलिस ने 334 चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया। पेनाल्टी भी लगाई गई और भविष्य के लिए चेताया गया।

कोरबा पुलिस ने जानकारी दी है कि दुर्घटनाओं के बढ़ते ग्राफ पर चिंता जताते हुए सजग कोरबा अभियान शुरू किया गया है। इसकी शुरुआत से अब तक विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई का डंडा सख्त किया गया। पुलिस की टीमें इस काम में जुटी हुई है जो वाहनों की जांच में लगी है। अभियान के अंतर्गत शराब पीकर वाहन चलाने, ओवर स्पीडिंग करने, सीट बेल्ट नहीं लगाने और गलत ड्राइव से दुर्घटना कर लोगों की जान लेने की स्थिति में कार्रवाई की गई। चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस को अस्थायी रूप से प्रथम चरण में तीन महीने के लिए निलंबित किया गया है। परिवहन विभाग की ओर से यह कार्रवाई की गई, जिसके लिए पुलिस ने



अनुशंसा की। दोबारा इसकी पुनरावृत्ति होने पर लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे। एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि विशेष अभियान के अंतर्गत थाना-चौकी के मुख्य मार्गों और चौराहों पर पेट्रोलिंग की गई। नियम तोड़ने पर सख्त कार्रवाई भी की गई। बताया गया कि शराब पीकर वाहन चलाने वाले 142 बिना सीट बेल्ट के मिले, 118 चालकों पर कार्रवाई हुई है। ओवर स्पीड के 55 मामलों में भी एक्शन लिया गया। मालवाहक में सवारी बैठाने के तीन और धारा 304 के 16 प्रकरण में संबंधितों के विरूद्ध पुलिस ने कार्रवाई की। एसपी ने बताया कि पुलिस का अभियान तब तक जिले में जारी रहेगा जब तक कि आदर्श स्थिति का निर्माण न हो जाए।

### आवास बनाने मुख्यालय को भेजा प्रस्ताव

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व में सराईपाली खदान को खुले कई वर्ष हो गए हैं लेकिन कार्यरत कर्मचारियों के लिए अभी तक आवास नहीं बनाए गए हैं। 17 आवासों के निर्माण कार्य शुरू किये गए हैं। जबकि यहां 110 कर्मचारी कार्यरत हैं। मुख्यालय को आवास बनाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार एसईसीएल कोरबा पूर्व के सराईपाली खदान में कोयला उत्पादन लगातार जारी है। यहां पर अधिकारियों व कर्मचारियों को मिलकर 130 कर्मचारी हैं। सराईपाली खदान में अन्य खदान में कार्यरत कर्मचारियों का स्थानांतरण किया गया है। दूसरे क्षेत्र में रहने वाले कर्मचारी 30-40 किमी का सफर तय कर सराईपाली खदान पहुंचते हैं। उन्हें आने-जाने में ही काफी समय लग जाता है। 17 कर्मचारियों के लिए आवास बनाने का काम शुरू कर दिया गया है और 100 से अधिक आवास यहां बनाए जाएंगे। एसईकेएमसी के वेलोराम व राजेश साहू ने नए आवास बनाने की मांग की है।

# कोल स्टॉक-25 के पास मिला जला शव

**कोरबा।** साउथ इस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कुसमुंडा में एक व्यक्ति का जला हुआ शव मिला है। मौके पर विद्युत तार उपस्थिति बनी हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक केबल चोरी से जुड़ा हुआ था। क्षेत्र के ग्रामीणों ने उसका शव सुबह देखा और पुलिस को इस बारे में खबर की।

कुसमुंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मिले शव की पहचान कपूरदास निवासी जपेली के रूप में की गई है। वह चार दिन से लापता था। आसपास में उसकी खोज की जा रही थी। इस बीच सोमवार को सुबह ग्रामीणों ने 77 चौक के ट्रांसफार्मर और कोल स्टॉक नंबर-25 के बीच में उसे मृत हालत में देखा। शव जला हुआ पाया गया। मौके पर केबल भी थे। इससे कयास लगाया जा रहा है कि करंट के प्रभाव में आने से उसकी मौत हुई। इलाके में इस तरह की चर्चाएं हैं कि मृतक चोरी के मामले में लिप्त रहा है। शव मिलने के बारे में पुलिस को अवगत कराया गया है। उक्तानुसार पुलिस कार्रवाई करेगी।

# कर्मी के घर में लगी आग

**कोरबा।** कटघोरा नगर पालिका के वार्ड नंबर चार मेला ग्राउंड के महिला बाल विभाग की कर्मचारी मरावी के घर में अचानक आग लग गई। इसकी सूचना आसपास के पड़ोसियों ने कटघोरा थाना व नगर पालिका के दमकल विभाग को दी।सूचना पर स्थल पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक घर में रखा काफी सामान कर राख हो गया।आग लगने का कारण शार्ट सर्किट का होना बताया जा रहा है। जिस वक्त आग लगी उस समय घर पर कोई नहीं था।

# गांगपुर में दो बाइक भिड़ी, एक की मौत

**कोरबा।** कटघोरा क्षेत्र में दो बाइक की आपस में भिड़ंत होने की घटना में एक चालक की मौत हो गई। पुलिस ने 174 सीआरपीसी के तहत मर्ग कायम कर मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। जानकारी में बताया गया कि आज सुबह गांगपुर क्षेत्र में यह घटना हुई। धनगांव निवासी एक व्यक्ति अपने घर से कटघोरा की तरफ बाइक पर जा रहा था। उसकी टक्कर दूसरी बाइक से इस रास्ते पर हुई। इसमें सवार जगदीश पटेल को ज्यादा चोटें आई। उसे आनन-फानन में अस्पताल भिजवाने की कार्रवाई की गई। कुछ देर के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। माना जा रहा है कि टक्कर से संघातिक चोट और रक्तश्राव के कारण मौत हुई है। पुलिस ने बताया कि वास्तविक कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट की प्रतीक्षा की जा रही है।

### एक आरोपी से गांजा किया जप्त

**कोरबा।** हरदी बाजार पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से गांजा जप्त किया है। इसकी कीमत हजारों में बताई गई है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया। बताया गया कि ग्राहक की तलाश करने के दौरान कार्रवाई की गई। इस मामले में नारकोटिक्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है।

### सिख समाज ने किया शरबत-चना वितरण

**कोरबा।** गुरु अर्जन देव के बलिदान दिवस पर सिख समाज के द्वारा शहरी क्षेत्र में शरबत-चना वितरण का कार्यक्रम नियमित रूप से किया जा रहा है। ओपन थिएटर क्षेत्र में इससे काफी लोग लाभान्वित हुए।

# मोरगा में हुई जमकर बारिश, गर्मी से राहत

**कोरबा।** जिले के अंतिम छोर पर स्थित वनाचंल क्षेत्र मोंरगा में नवतपा के अंतिम दिन बीती रात जमकर बारिश हुई जिससे भीषण गर्मी से परेशान क्षेत्र के लोगों को कुछ राहत मिली है। यहां निवासियों ने बताया कि बारिस बीती रात 2 बजे के लगभग शुरू हुई और लगभग 1 घंटे तक जमकर बरसा इस दौरान सड़क किनारे गड्ढे पानी से भर गया देर रात हुई जमकर बारिश से लोगो ने गर्मी से राहत महसूस की है। इससे पहले नवपता में पड रही गर्मी के कारण लोग काफी हलाकान थे। पारा 46 डिग्री के पार पहुंच गया था। तापमान बढ़ने के कारण एसी कुलर तथा पंखे काम नही कर रहे थे। और लोग भारी परेशान थे। उन्हें गर्मी से राहत के लिए प्री मानसूनी बारिश का इंतजार था। जो रात में हुई जमकर कर बरसा से पूरा गया। बरसा ने लोगों को राहत दिलाया है।

# हाथियों ने छोड़ा केंदई रेंज

**कोरबा।** कटघोरा वन मंडल अंतर्गत केंदई रेंज के कापा नवापारा व लालपुर डंपिग क्षेत्र में पिछले कई दिनों से डेरा जमाए हाथियों के दल ने बीती रात पसान व जटगा रेंज का रूख कर लिया है। बड़ी संख्या में मौजूद हाथियों के अन्यत्र जाने से केंदई में हाथियों की गतिविधि निरंक हो गई है। हाथियों के लगातार क्षेत्र में डेरा डालने से ग्रामीणों को



खतरा बना हुआ था। साथ ही वन विभाग के अमले के समक्ष सुरक्षा को लेकर चुनौती बनी हुई थी। अमला द्वारा हाथियो की लगातार निगरानी की जा रही थी। हाथियों के दीगर क्षेत्र में जाने से अमले ने राहत की सांस ली है। केंदई रेंजर अभिषेक दुबे ने बताया कि संबंधित परिक्षेत्र के स्टाफ को हाथियों के जाने तथा उनके क्षेत्र में पहुंचने के संबंध में सूचित कर दिया गया है। अमला निगरानी में जुट गया है।

# झोरा पिकनिक स्पॉट में शराबखोरी, पुलिस का एक्शन

### पिछले वर्ष ऐसी ही स्थिति निर्मित हुई थी

**कोरबा।** जिले झोराघाट में दो से ढाई हजार लोगों की भीड़ के जुटने और मौके पर शराबखोरी के साथ हो-हंगामा करने की खबर पर कटघोरा पुलिस एक्शन में आई। पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंच यहां का जायजा लिया और हस्तक्षेप करने के साथ लोगों को उल्टे पैर लौटने को मजबूर किया। पुलिस के अनुसार पिकनिक स्पॉट को शराबखोरी का अड्डा बनाने की कोशिश की जा रही है। इस पर हमने सख्ती दिखाई।

जानकारी में बताया गया कि छुरी से 5 किमी दूर हसदेव नदी के झोराघाट में रविवार को अलग-अलग क्षेत्र के लोग वाहनों से पहुंच गए। इनमें विभिन्न आयु वर्ग के लोग थे। नदी में उतरने के साथ लोग स्नान कर रहे थे तो शराबखोरी व



अन्य गतिविधियों में भी व्यस्त नजर आए। पुलिस को मौके से किसी व्यक्ति के द्वारा सूचित किया गया और अनहोनी की आशंका जताई गई। टीआई डी.एन.तिवारी ने तुरंत संज्ञान लिया और दल-बल के साथ मौके का रूख किया। यहां के हालात ने उन्हें हैरान किया। पुलिस ने प्रभावी हस्तक्षेप के साथ लोगों को यह सब करने से मना किया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शराबखोरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, क्योंकि क्षेत्र में सभ्य लोग आने से बच रहे हैं।

### कई बार हो चुकी है अनहोनी

बताया गया कि झोराघाट में बांगो बांध से छोड़ा जाने वाला पानी कई बार अचानक से जल स्तर में बढ़ोत्तरी करता है और हादसे हो जाते हैं। इस दौरान अनजान लोगों को संभलने का मौका नहीं मिलता और वे हादसे की भेंट चढ़ जाते हैं। एक महीने पहले ही कटघोरा बस स्टैंड क्षेत्र के रहने वाले दो युवकों की मौत इसी चक्कर में हो गई थी जो सुबह 5 बजे परिवार के साथ सैर-सपाटा के लिए यहां पहुंचे थे। इसी दरम्यान पानी की मात्रा बढ़ी और युवक लापता हो गए।

### *8 वाहनों पर कार्रवाई*

*झोराघाट को लेकर कई प्रकार की सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं। रविवार को यहां बड़ी भीड़ जुटी। सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते मिले दो लोगों पर 36-4 की कार्रवाई की गई। शराब पीकर वाहन चलाने पर 8 वाहनों को धारा 185 एमवी एक्ट में जब्त किया गया। जबकि तीन सवारी के दो मामले बनाए गए।*

***डी.एन.तिवारी, टीआई कटघोरा***







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोनः 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com